ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 4, अंक 102, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 14

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 13




## देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआईटी बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।



**तबाही के निशान**

असम के नागांव में रेमल तूफान का व्यापक पर पड़ा है। भूस्खलन व ज्यादा बारिश होने से बुधवार को भी यहां हाल बेहाल रहा। क्षेत्र की सड़कों व घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ● एजेंसी

## लूटपाट मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती में मामले आज होगा सजा का ऐलान

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद उसकी वाशिंग मशीन, सोना, चांदी के जेवर तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

### एक नजर

#### कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने 4 पुलिसकर्मियों के साथ की मारपीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बाद में पुलिस और सेना के जवानों के बीच मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। घायल पुलिस वालों को सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल (एसकेआईएमएस) में भर्ती कराया गया था।

#### उपराष्ट्रपति सपत्नीक आज कैंची धाम में करेंगे दर्शन

**हल्द्वानी।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को नैनीताल जिले के दौरे पर पहुंच रहे हैं। वह सपत्नीक भवाली स्थित कैंची धाम में बाबा नीब करौरी आश्रम में दर्शन करेंगे। प्रोटोकॉल अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार की सुबह 8.15 बजे बरेली एयरपोर्ट से हल्द्वानी के लिए उड़ान भरेंगे। वह हेलीकॉप्टर से 8:55 बजे तिकोनिया कैंट स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वह 9 बजे सड़क मार्ग से कैंची धाम के लिए रवाना होंगे। वह 10:40 बजे कैंची धाम पहुंचेंगे और बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के बाद 11:10 बजे हल्द्वानी के लिए वापसी करेंगे।



#### रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

#### चांदी में रिकॉर्ड तेजी जारी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी।

# देश की राजधानी सबसे गर्म

## दिल्ली में पारे ने रचा इतिहास, 52.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

वहीं, उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म वाराणसी रहा, यहां तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।



अपने चेहरे पर पानी छिड़कती दिल्ली की गर्मी से बेहाल महिला। ● एजेंसी

### पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

### तप गए मैदान, उत्तराखंड में प्रचंड गर्मी



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बुधवार को राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप रहा। मैदानी इलाकों में बुधवार को पारा 41 डिग्री को पार कर गया। तेज गर्मी के चलते बिजली आपूर्ति में कटौती से भी लोग बेहाल हैं। राहत की बात है कि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में शीघ्र ही बारिश की आशंका जताई है। जिससे गर्मी से निजात मिल सकेगा और मौसम सुहावना होगा। राजधानी देहरादून में 43 डिग्री, हल्द्वानी में 41.6 डिग्री तक तापमान पहुंच गया। दिन के समय गर्म हवाएं चली। अनुमान है कि मैदानी इलाकों में गर्मी से शीघ्र ही कुछ राहत मिलेगी। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार 30 और 31 मई को मैदानी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी तो 1 जून को 15 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। उधर पहाड़ों में बारिश का दौर जा रही है। कपकोट, पोखरी, कर्णप्रयाग, ऊखीमठ आदि स्थानों पर अच्छी बारिश दर्ज हुई है।

## यात्रा मार्गों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की चेकिंग

ब्यूरो, देहरादून

**चारधाम यात्रा**



- खाद्य विभाग ने किया 325 दुकानों का निरीक्षण, संदिग्ध पाए गए 155 नमूने
- 6 मिलावटखोरों पर मुकदमा, तीन अन्य के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। 325 दुकानों का निरीक्षण किया गया, 155 नमूने संदिग्ध पाए गए जिन्हें जांच को भेजा गया है। मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने के आरोप में छह दुकानदारों पर मुकदमा किया गया।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर मिलावटी सामान व मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों की निगरानी की जा रही है। मिलावटी व एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेचने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गढ़वाल मंडल के उपायुक्त राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले में विशेष अभियान चलाया गया। रावत ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम ने 325 दुकानों का निरीक्षण किया है। 155 नमूने संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मानकों के अनुरूप नहीं आने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी के मुताबिक अभी तक मिलावटी सामान व खाद्य पदार्थ बेचने वाले 6 दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। 3 अन्य दुकानदारों के खिलाफ भी मिलावटी सामान बेचने में कार्रवाई जारी है। जग्गी ने बताया कि मोबाइल टेस्टिंग वैन की टीम ने पूरे यात्रा मार्ग पर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों के साथ खाद्य पदार्थ की दुकानों का निरीक्षण कर नमूनों की जांच की। इस दौरान 500 से अधिक सैंपल लिए गए।

## टब में डूबकर डेढ़ साल के बच्चे की मौत

**पंतनगर।** पंतनगर विवि परिसर से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। डेढ़ साल के एक बच्चे की टब में डूबने से मौत हो गई। अचानक हुई इस हृदय विदारक घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर के झा कॉलोनी शिवालय मंदिर निवासी आबिद विश्वविद्यालय परिसर में टुक-टुक चलाने का काम करता है। बुधवार की शाम लगभग सात बजे उसके परिजनों ने भीषण गर्मी के चलते अपने डेढ़ साल के बच्चे को नहलाने के लिए टब में पानी भर कर उसमें खेलने के लिए छोड़ दिया और घर के बाहर निकल गए। कुछ देर बाद जब बच्चे की मां घर के अंदर गई तो बच्चे को टब के अंदर मूर्छित अवस्था में देखा। तत्काल उसे लेकर विवि चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत के चलते जिला चिकत्सालय रेफर कर दिया। लेकिन परिजन बच्चे को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बृजभूषण के बेटे के काफिले ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)



रेहान



सहजाद

- दोनों युवकों की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने किया पथराव, वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार

**अमृत विचारः** कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार युवकों की मौके पर मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गई। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

## एलटी शिक्षकों के होंगे अंतरमंडलीय तबादले

ब्यूरो, देहरादून



- शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दिए शीघ्र एसओपी जारी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत एलटी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है। सरकार ने एलटी शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन कर मंडल परिवर्तन को लेकर विभाग को शीघ्र एसओपी जारी करने के निर्देश दिए हैं। अब एलटी शिक्षकों के तबादले एक मंडल से दूसरे मंडल में हो सकेंगे। एलटी शिक्षक को संपूर्ण सेवाकाल में एक बार संवर्ग परिवर्तन का मौका मिलेगा।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) (संशोधन) सेवा नियमावली-2024 में संशोधन कर अंतरमंडलीय स्थानांतरण को मंजूरी देदी गई है। इस संशोधन के जरिये एलटी संवर्ग के शिक्षकों को संपूर्ण सेवा काल में एक बार मंडल परिवर्तन करने का मौका दिया है, ताकि शिक्षक इच्छित मंडल में अपनी शेष सेवा पूरी कर सके। एलटी शिक्षकों के संवर्ग परिवर्तन हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में शीघ्र ही शासन स्तर से एसओपी जारी की जाएगी। जिसके उपरांत विभागीय स्तर पर अंतरमंडलीय स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि नए प्राविधानों के तहत ऐसे सहायक अध्यापको को मंडल परिवर्तन का मौका मिलेगा जिन्होंने अपने मूल संवर्ग में न्यूनतम 05 वर्षों की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। एक मंडल से दूसरे मंडल में स्थानांतरित शिक्षक कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नवीन संवर्ग में कनिष्ठतम हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त मंडल परिवर्तन करते समय सामान्य शाखा में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण सामान्य शाखा जबकि महिला शाखा में कार्यरत शिक्षिकाओं का स्थानांतरण महिला शाखा में ही किया जा सकेगा।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के मुख्यमंत्री को अब 2 जून को जाना ही होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखने के कारण उनकी वर्तमान याचिका का अदालत के समक्ष विचाराधीन मामले से कोई संबंध नहीं है। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी से कहा था कि (केजरीवाल के) आवेदन को सूचीबद्ध करने के संबंध सीजेआई कोई फैसला कर सकते हैं।

## फर्जी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में चार और ट्रैवल एजेंसियों पर मुकदमा, 8 गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

- ऋषिकेश तथा विकासनगर क्षेत्र में अस्थायी चेकिंग अभियान, अब तक दर्ज हो चुके 39 मामले

**अमृत विचारः** ऋषिकेश तथा विकासनगर क्षेत्र में अस्थायी चेकिंग सेंटर में फर्जी रजिस्ट्रेशन के जरिये यात्रियों को ठगने के आरोप में चार ट्रैवल एजेंसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक ऐसे 39 मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि आठ ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भीलवाडा राजस्थान से आए 13 सदस्यीय यात्री दल का रजिस्ट्रेशन जांच में फर्जी पाया गया। यह फर्जी रजिस्ट्रेशन जोशी टूर एण्ड ट्रेवल्स, ढालवाला, ऋषिकेश के मालिक महेन्द्र जोशी ने किया था। भीलवाडा निवासी महेश बसेरा पुत्र रामधन बसेरा की तरफ से महेन्द्र जोशी निवासी ढालवाला मुनिकीरेती, टिहरी गढवाल के विरुद्ध धोखाधड़ी व जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मालदा पश्चिम बंगाल से आए दो सदस्यीय यात्री दल का रजिस्ट्रेशन भी फर्जी पाया गया। नेहरू कालोनी निवासी शैलेश भारद्वाज की ओर से लोकल एजेंट बालेन्द्र मिश्र, सोमनाथ राय के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई गई है।

भिलाई, छतीसगढ के 19 सदस्यीय यात्री दल का रजिस्ट्रेशन भी जांच में फर्जी निकला। ये रजिस्ट्रेशन भिलाई के स्थानीय एजेंट कनक उपाध्याय उर्फ दीपा के माध्यम से कराया था। पुलिस ने ए नागा राजू निवासी पदुमनगर भिलाई की तरफ से कनक उपाध्याय उर्फ दीपा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसी तरह कटक उडीसा के छह सदस्यीय यात्री दल का रजिस्ट्रेशन भी फर्जी निकला। पुलिस ने इस मामले में संबंधित ट्रैवल एजेंट कोमल निवासी, गौतमबुद्धनगर के खिलाफ मामला दर्ज किया। चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों व वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसकी आड़ में ट्रैवल एजेंसियां फर्जी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर यात्रियों से ठगी कर रही हैं। जांच में ही इस फर्जीवाड़े का खुलासा हो रहा है।

## मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।



- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

### पटनायक का मोदी को जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# उपराष्ट्रपति धनखड़ की सुरक्षा में लगाए 723 जवान

## आज कैंची धाम में करेंगे बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन, सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में डीआईजी व कुमाऊं आयुक्त ने ली बैठक

**संवाददाता, नैनीताल**



नैनीताल की पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और जवानों को निर्देश देते डीआईजी। साथ में मौजूद कुमाऊं आयुक्त, जिलाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को नैनीताल के पास स्थित बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने अपनी व्यवस्थाएं पूरी कर लीं हैं। बुधवार को नैनीताल स्थित पुलिस लाइन में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी डॉ. जोगेंद्र रौतेला, जिलाधिकारी वंदना सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपराष्ट्रपति के नैनीताल भ्रमण के दौरान ड्यूटी में लापरवाही ना बरतने के निर्देश दिए। एसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को देख कैंची धाम क्षेत्र में 3 पुलिस अधीक्षक, 5 अपर पुलिस अधीक्षक, 9 सीओ, 32 इंस्पेक्टर, 124 सब इंस्पेक्टर, 547 सिपाही, 10 प्लाटून पीएसी तैनात की है।

**भवाली से कैंची धाम तक जीरो जोन घोषित, रूट डायवर्ट किया :** भवाली से कैंची धाम क्षेत्र को कार्यक्रम के दौरान जीरो जोन घोषित किया गया है। इस दौरान भवाली से अल्मोड़ा की तरफ जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर रामगढ़ होते हुए अल्मोड़ा की तरफ भेजा जाएगा। उपराष्ट्रपति तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन करने पहुंचेंगे। धाम में दर्शन करने के बाद उपराष्ट्रपति सड़क मार्ग से हल्द्वानी स्थित सेना के हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां से पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने जाएंगे। इस दौरान अक्षय प्रहलाद कांडे एसपी बागेश्वर, राम चन्द्र राजगुरु सेनानायक आईआरबी, हरबंस सिंह पुलिस अधीक्षक अपराध यातायात नैनीताल, प्रकाश चंद्र पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इन रास्तों से शहर के बाहर से गुजरेंगे वाहन



- रामपुर रोड से नैनीताल, भीमताल, कैंचीधाम, अल्मोड़ा को जाने वाले समस्त वाहन पंचायतघर तिराहा से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड होते हुए हनुमान मंदिर से बाया कालाढूंगी होकर जाएंगे।
- बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, कैंचीधाम, अल्मोड़ा जाने वाले समस्त वाहन मोतीनगर तिराहा से डायवर्ट होकर पंचायतघर तिराहा से आरटीओ रोड होते हुए हनुमान मंदिर से बाया कालाढूंगी होकर जाएंगे।
- चोरगलिया रोड से नैनीताल, भीमताल, कैंची धाम, अल्मोड़ा को जाने वाले समस्त वाहन कुंवरपुर तिराहा से डायवर्ट होकर गौलापुल से तीनपानी होते हुए शीतल होटल तिराहा, पंचायतघर तिराहा से आरटीओ रोड होते हुए हनुमान मंदिर से बाया कालाढूंगी होकर जाएंगे।
- कालाढूंगी रोड से आने वाले समस्त वाहन नैनीताल तिराहा कालाढूंगी से डायवर्ट होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

### पुलिस ने की वीवीआईपी दौरे से पूर्व फ्लीट रिहर्सल





**भवाली :** उपराष्ट्रपति के कैंची धाम के दौरे की पूर्वसंध्या पर बुधवार को पुलिस ने फ्लीट रिहर्सल की। गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कैंची धाम दर्शन के लिए आ रहे हैं, इसलिये भवाली में चौराहे पर रामगढ़ रोड तिराहे पर तीस-तीस मिनट ट्रैफिक को रोककर वीवीआईपी फ्लीट दौड़ाई गई। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी भवाली पहुंच गई। भवाली चौराहे पर सीओ भवाली कमान्ड करते नजर आये तो अन्य कई जगहों पर निरीक्षक व सिपाही व्यवस्था बनाने की रिहर्सल करते दिखे। वहीं अचानक रिहर्सल एक्शन के चलते वाहनों को रोकने से पर्यटक व स्कूली बच्चे व अध्यापक परेशान नजर आये।

### पुलिस ने रूट डावर्जन लागू किया

**हल्द्वानी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को कैंची धाम में बाबा नीब करौरी के दर्शन करेंगे। अव्यवस्था न फैले और सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने रूट डावर्जन लागू किया है। जिसके तहत सुबह 9 बजे से शहर में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी होगी, जबकि उप राष्ट्रपति के हल्द्वानी पहुंचने से पहले नैनीताल रोड को नैनीताल बैंक तिराहे से अमृतपुर तक जीरो जोन बना दिया जाएगा। डायवर्जन प्लान हल्द्वानी, नैनीताल और भवाली के लिए तैयार किया गया है। सुबह 6 बजे से वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले सभी बड़े वाहन का प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी होगी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### केमू और रोडवेज बसों के यात्री ध्यान दें

- हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाली समस्त रोडवेज और केमू की बसें प्रातः छह बजे से वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक भीमताल मोड़ से बाया ज्योलीकोट होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- वीवीआईपी महोदय की लैंडिंग से 30 मिनट पूर्व पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाली रोडवेज और केमू की बसों को रोडवेज व केमू स्टेशन हल्द्वानी पर ही रोक दिया जाएगा।
- हल्द्वानी से भीमताल रोड की ओर जाने वाले समस्त वाहनों को वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक भीमताल मोड़ बाया ज्योलिकोट भेजा जाएगा।

### 15 मिनट पहले जीरो जोन होगा नैनीताल रोड

वीवीआईपी के लैडिंग से 15 मिनट पूर्व नैनीताल बैक तिराहा से अमृतपुर मोड़ तक जीरो जोन रहेगा। जीरो जोन के समय रोडवेज की ओर से आने वाले वाहनों को नैनीताल बैंक तिराहा पर और लालडांठ से पनचक्की को ओर आने वाले वाहनों को पनचक्की तिराहा पर व चोरगलिया रोड से आने वाले वाहनों को थाना काठगोदाम पर रोका जाएगा।

### भवाली से काठगोदाम तक वन-वे होगा रूट



- नैनीताल शहर से बाहर जाने वालों को रूसी टू से रुसी 1 से डायवर्ट कर कालाढूंगी को भेजा जाएगा।
- रानीखेत, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ से भवाली जाने वाले वीवीआईपी के प्रोग्राम के दौरान क्वारब से शीतला होते हुए खुटानी की जाएंगे।
- हल्द्वानी से भवाली, भीमताल आने वाले ज्योलीकोट होकर गुजरेंगे।
- फ्लीट के जाने के दौरान भवाली से हल्द्वानी को जाने वाला ट्रैफिक भवाली से भीमताल तिराहा काठगोदाम तक वन-वे रहेगा।
- नैनीताल से अल्मोड़ा को जाने वाले प्रातः 9 बजे तक भवाली तिराहे से रामगढ तिराहा-शीतला होते हुए क्वारब को जाएंगे।
- भवाली, भीमताल से हल्द्वानी को जाने वाले प्रातः 8 बजे तक ज्योलिकोट होते हुए हल्द्वानी को जाएंगे।

## सार-संक्षेप



उज्ज्वला स्वायत्त केनोपी बिक्री केन्द्र का उद्घाटन करते ब्लाक प्रमुख।

### केनोपी बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया

**भीमताल :** नौकुचियाताल के चनौती तोक में उज्ज्वला स्वायत्त सहकारिता न्याय पंचायत थपलिया मेहरा गांव तथा रीप परीयोजना के संयुक्त तत्वावधान में केनोपी बिक्री केंद्र का उद्घाटन भीमताल ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने किया गया। इस केन्द्र में समूह के महिला सदस्यों ने अपने हाथ से निर्मित सामग्री बिक्री के लिए रखी है तथा अपने कृषि उत्पादों को भी रखा है। ब्लॉक प्रमुख ने इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि नौकुचियाताल एक टूरिस्ट स्पॉट है। इस क्षेत्र की पूरे भारत वर्ष में अलग पहचान है। उन्होंने उज्ज्वला क्लस्टर के महिला सदस्यों की सराहना की। क्लस्टर की अध्यक्ष राधा कुल्याल ने महिलाओं का आह्वान किया कि न्याय पंचायत थपलिया मेहरा गांव को महिलाओं के रोजगार के संबंध में विकास खंड सहित पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान लाना है। इससे पूर्व ग्राम प्रधान चनौती आरती भट्ट ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### होम स्टे बना आजीविका का जरिया



दीपा जोशी।

**भीमताल :** विकास खंड बेतालघाट के मझेड़ा ग्राम पंचायत की दीपा जोशी पर्यटन सीजन में होम स्टे के माध्यम से अच्छी आय अर्जित कर रही हैं, जहां पहले वह गांव की एक साधारण सी महिला थीं वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( एनआरएलएम) से जुड़ने के बाद उन्हें पर्यटन विभाग की होम स्टे की योजना की जानकारी समूह बैठक में प्राप्त हुई। एपीडी चंदा फर्त्याल बताती हैं कि दीपा जोशी ने होम स्टे योजना का लाभ लेकर सीसीएल की धनराशि का भी प्रयोग इसे बनाने में किया। वर्तमान में दीपा जोशी के पास दो कमरों का होम स्टे हैं और माह में वह लगभग 22 हजार की आमदनी प्राप्त कर रही है। जहां एक ओर दीपा जोशी होम स्टे से आय सृजन कर अपनी आजीविका चला रही हैं वहीं दूसरी ओर पर्यटक भी पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं।

### पेयजल लाइन को जमीन के अंदर डालने की मांग

**भीमताल :** भीमताल बाईपास मार्ग में नगर पंचायत की ओर से कई समय पूर्व बनाई गई पेयजल लाइन सड़क से ऊपर दिख रही है, जिस कारण वाहन चलने पर यह लाइन समय-समय पर टूटती रहती है। वर्तमान में बेशकीमती बन चुका पेयजल सड़क पर बहता दिखाई देता है। प्रभावित लोगों की ओर से पानी नहीं आने पर इसको अपने संसाधनों से ठीक किया जाता रहा है। वर्तमान में कई स्थानों से लीकेज होने के कारण स्थानीय जनता के द्वारा इसको स्थाई रूप से ठीक कराकर अन्य पेयजल लाइन की तरह भूमि के अंदर डालने की मांग की जा रही है।

### गैस के वाहन पर टक्कर मारने का आरोप लगाया

**नैनीताल :** नैनीताल कालाढूंगी रोड में गैस के वाहन से कार को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। मल्लीताल निवासी पंकज की ओर से कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह नैनीताल कालाढूंगी रोड से नैनीताल की ओर आ रहा था। इस दौरान वह चार खेत के समीप पहुंचे थे कि सामने से आते गैस के वाहन ने उसकी गाड़ी में साइड से टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोगों को चोट नहीं आई। उन्होंने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### एसडीएम ने किया बाईपास और पार्किंग का निरीक्षण

**भवाली :** जिलाधिकारी की ओर से विगत दिनों में कैंची धाम निरीक्षण के दौरान बाईपास रोड पर कार्यों में तेजी लाने, बाईपास रोड पर दो से तीन स्थानों पर पार्किंग चिन्हिकरण के निर्देश दिये थे। बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कैंची धाम क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण के दौरान बताया कि निजी बाइकों की निजी पार्किंग हेतु भवाली में पार्किंग व्यवस्था कर ली गई है। नगर पालिका भवाली ने बाईपास सड़क पर लाइट की व्यवस्था भी कर ली है। साथ ही मस्जिद तिराहे पर शटल सेवा की पार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा कि एनएच हल्द्वानी के सहायक अभियंता को मस्जिद तिराहे पर वाहनों के डायवर्जन के लिए पथ चिन्ह शीघ्र बनाने के लिए निर्देशित किया है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता एनएच, सहायक अभियंता एवं सीओ भवाली उपस्थित थे।

# चारधाम यात्रा का डेशबोर्ड जारी, राज्यपाल को सौंपा

**संवाददाता, नैनीताल**



वर्चुअल माध्यम से डेशबोर्ड की जानकारी लेते राज्यपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को राज्य में सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत संचालित आईटीडीए की ओर से यात्रा डेशबोर्ड तैयार किया है। जिसे निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल ने बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) को वर्चुअल माध्यम से दिया।

डेशबोर्ड का निर्माण 3 मई को राज्यपाल की ओर से विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर राज्य में यात्रा का सफल संचालन तथा तीर्थयात्रियों का पंजीकरण, स्क्रीनिंग, यात्रा मार्ग प्रास्थिति, आवासीय एवं मूलभूत आवश्यकताओं की बेहतर सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं का यथासमय तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न पहलुओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देश दिये गये थे। इसमें प्रमुख रूप से सम्पूर्ण यात्रा का डिजिटली अनुश्रवण किये जाने को डिजिटल चारधाम डेशबोर्ड निर्माण करने के निर्देश निदेशक, आईटीडीए को दिये गये थे। उक्त के अनुपालन एवं राज्यपाल के मार्गदर्शन में आधुनिक रियल टाइम मॉनिटरिंग चारधाम यात्रा डेशबोर्ड का निर्माण किया गया। आईटीडीए की ओर से संचालित इस पहल में प्रथम चरण में 9 प्रमुख विभागों स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पर्यटन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, यूकाडा, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, पुलिस, लोक निर्माण विभाग और गढ़वाल मंडल विकास निगम लिमिटेड के विभागों को शामिल कर महत्वपूर्ण डेटा एकीकृत किया गया। उक्त विभागों को अपनी-अपनी सेवाओं से सम्बन्धी ब्योरा यथा समय डेशबोर्ड में उपलब्ध रहेंगे, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर वापस लौटाए गए लोगों की रियल-टाइम निगरानी, ओपीडी रोगियों की जानकारी, संबंधित तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की आपात स्थिति में एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर के माध्यम से रेफरल की सुविधा की जानकारी रहेगी। पशुपालन विभाग द्वारा घोड़ों, खच्चरों की स्क्रीनिंग, बीमा विवरण और हताहत रिपोर्ट की ट्रैकिंग, लोक निर्माण विभाग द्वारा यात्रा मार्ग पर रोड ब्लॉक का विस्तृत मानचित्रण और मार्ग के पुनः खोलने की समय-सीमा, यूकाडा द्वारा तीर्थयात्रियों के आवागमन के आधार पर रणनीति व तिथि-वार टिकट बुकिंग डेटा की उपलब्धता, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा ग्रीन कार्ड यात्रा कार्ड और वाहन वर्गीकरण की स्थिति, पर्यटन विभाग द्वारा तिथि वार और धाम-वार तीर्थयात्रियों के आवागमन की संख्या उपलब्ध रहेगी।

### गढ़वाल मंडल विकास निगम ने दी आवास की जानकारी

गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से धामों में आवास की स्थिति की जानकारी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा यात्रा मार्ग की निगरानी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के संयंत्रों की तैनाती, मौसम पूर्वानुमान और यात्रा मार्ग के साथ आईएमडी की चेतावनी और पुलिस विभाग द्वारा यात्रा मार्ग पर यातायात सुरक्षा इत्यादि पहलुओं का समावेश इस डेशबोर्ड में किया गया है। डेशबोर्ड की विशेषताओं पर राज्यपाल ने कहा कि यह अत्याधुनिक डेशबोर्ड निर्णय-निर्माताओं को यात्रा के संचालन को सुव्यवस्थित करने और देवभूमि की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की सुगम यात्रा में मददगार होगा। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा डेशबोर्ड हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रौद्योगिकी के माध्यम से यात्रियों के कल्याण और एक सुगम आध्यात्मिक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सहायता प्रदान करेगा व चारधाम यात्रा प्रबंधन के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

### कुलपति ने कुविवि के भविष्य की कार्य योजनाएं बताईं

नैनीताल। बुधवार को कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान एस रावत ने नैनीताल राजभवन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शिक्षा, प्रसार एवं अनुसंधान प्रगति से अवगत करवाया। कुलपति प्रो. रावत ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी हस्तांतरण, नवीन अनुसंधान, राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय संस्थानों के साथ किये गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, वित्तीय सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में बताया। विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गये पांच गांव में स्थापित की जा रही है सामुदायिक पुस्तकशाला, सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग और साझेदारी को सुदृढ़ करने हेतु आरम्भ की विद्यासेतु योजना, छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आरम्भ किया ''लाइब्रेरी चैंपियन'' पुरस्कार, केयू एलुमनी नेपाल चैप्टर, प्रयोगशाला/कार्यालय इंटर्नशिप कार्यक्रम, सूचनाओं को सर्वसुलभ करने हेतु की गई क्यूआर कोडिंग एवं निशुल्क ऑनलाइन एसएसबी ट्रेनिंग के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विभाग को इंडियन काउंसिल फॉर फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा प्रदान की गई ए प्लस कैटेगरी हेतु बधाई दी गई।

### पत्रकार, सैनिकों की तरह हैं राष्ट्र के प्रहरी : राज्यपाल

**नैनीताल :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। हिन्दी पत्रकारिता दिवस की पूर्वसंध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि पत्रकार, सैनिकों की तरह राष्ट्र के सच्चे प्रहरी होते हैं, समाज के अंदर फैली कुरीतियों के प्रति आम जनमानस को जागरूक कर पत्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देते हैं।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# बरसात से पूर्व पानी निकासी की व्यवस्था ठीक कर लें

**संवाददाता, भीमताल**

**मांग**
▶▶ **स्थानीय लोग बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी को लेकर हैं चिंतित**

**अमृत विचार :** भीमताल में बरसात के पानी की निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात से पूर्व ही स्थानीय लोग बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी का अंदेशा लगाते हुए भयभीत हैं।

चार दिन पूर्व हल्की बरसात में भीमताल का ब्लाक रोड जल भराव के कारण भर गया था और लोगों की दुकानों और रोड के किनारे किनारे बने भवनों में पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। वहीं अब जब मौसम विभाग के द्वारा इस बार सामान्य से अधिक वर्षा होने की जानकारी देने के बाद से स्थानीय लोगों की जल भराव की स्तिथि से निपटने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय प्रभावित लोगों की मानें तो विभाग के द्वारा बनाई गई नालियों को तो खोलने की आवश्यकता तो है ही। साथ ही साथ ड्रेन ए की मरम्मत की भी सख्त आवश्यकता है। बताते हैं कि तीन वर्ष पूर्व आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त नहर को तीन वर्ष बीतने के बाद भी ठीक नहीं किया जा सका है।

इधर सामाजिक कार्यों से जुड़े स्थानीय युवकों के दल ने एक बार फिर से पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की। मांग करने वालों में रवि कुंजवाल, राजकमल, कमल पाठक, प्रेम रावत, राकेश टम्टा आदि हैं।

# कटे फलदार वृक्षों का मुआवजा नहीं मिला

**नैनीताल:** नैनीताल के समीपवर्ती लोहाली से थुवा ब्लॉक निर्माणाधीन 12 किलोमीटर लंबी सड़क में कटे फलदार वृक्षों का मुआवजा ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों की ओर से पीएमजीएसवाई सिंचाई खंड से जल्द से जल्द उनको मुआवजा देने की मांग की है।

बता दें कि लोहाली से थुवाब्लॉक निर्माणाधीन 12 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के दौरान ग्रामीणों के कई फलदार पेड़ कटे थे। विभाग की ओर से ग्रामीणों को मुआवजा देने की बात कही गई थी। ग्राम प्रधान सरस्वती देवी ने बताया कि पीएमजीएसवाई ज्योलीकोट की ओर से थुवाब्लॉक के कृषकों का फलदार वृक्षों का मुआवजा तैयार किया गया था, लेकिन उसकी पुनः विभागीय अधिकारियों की ओर से खातेवार, खेतवार समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामप्रधान, क्षेत्र पंचायत के सम्मुख जांच की गयी।

# कबाड़ के ढेर बन सकते हैं बड़े अग्निकांड का कारण

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** नैनीताल में कबाड़ कारोबारियों की ओर से बीते लंबे समय से मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति में कब्जा किया गया है। शत्रु संपत्ति के खंडहर व कमरों में कबाड़ कारोबारियों ने कबाड़ रखा हुआ है, जो कभी भी बड़े अग्निकांड का कारण बन सकता है। आबादी के बीच यह कबाड़ के ढेर न तो प्रशासन को दिख पा रहे हैं ना ही पालिका की ओर से इनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकी है।

बता दें कि मल्लीताल मेट्रोपॉल शत्रु संपत्ति के खंडहर में नशेड़ियों के बाद अब कबाड़ कारोबारियों ने कब्जा कर लिया है। लंबे समय से कबाड़ कारोबारियों की ओर से खंडहर को कबाड़ का गोदाम बनाया है, जिससे गंदगी के साथ अग्निकांड का भी भय बना हुआ है, लेकिन आवासीय क्षेत्र में जमा कबाड़ का ढेर प्रशासन को नजर नहीं आ रहा है, जबकि पूर्व में कुमाऊं आयुक्त की ओर से आवासीय क्षेत्र में कबाड़ का ढेर लगाने पर एतराज जताते हुए सम्बंधित विभागों से आवासीय क्षेत्र से कबाड़ हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र में रोज कबाड़ व प्लास्टिक के ढेर लगे हैं, लेकिन जिला प्रशासन व संबंधित विभाग बेपरवाह बना हुआ है।

जिसके चलते दिन प्रतिदिन क्षेत्र में बाहरी कबाड़ कारोबारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर नगर के आवासीय क्षेत्र से कबाड़ के ढेरों को हटा दिया जाएगा।

# प्रचंड गर्मी का सितम... पानी भरने में निकल रहा लोगों का दम

प्रचंड गर्मी का सितम कम नहीं हो रहा है। मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। जिससे लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण कस्बों तक जल देवता की नाराजगी बदस्तूर जारी है। पेयजल की भीषण किल्लत ने इंसानों से लेकर बेजुबानों तक को हलकान कर रखा है। पानी के लिए भीषण गर्मी में लोगों की जद्दोजहद जारी है।

## कम प्रेशर से घरों में नहीं पहुंच रहा पानी, लीकेज से दोहरी मार

संवाददाता, हल्द्वानी


दमुवाढूंगा क्षेत्र में टैंकर से पानी भरने के लिए जूझतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एक ओर गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। दूसरी तरफ लोगों को पीने का पानी नहीं मिलने से दिक्कतें बढ़ते जा रही हैं। गौला नदी का जलस्तर कम होने से पेयजल लाइनों में प्रेशर भी कम हो गया है, जिससे अंतिम छोर और ऊंचाई पर स्थित घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जल संस्थान गौला गेट, इंदिरानगर, बच्चीनगर, बजूनिया हल्दू और हिम्मतपुर क्षेत्र में रोजाना टैंकर से पानी बांट रहा है।

इंदिरानगर में रोजाना 2 टैंकर और गौला गेट, बच्चीनगर, बजूनिया हल्दू और हिम्मतपुर में एक टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है। दूसरी तरफ पेयजल लाइनों में लीकेज से परेशानी और बढ़ रही है। नैनीताल रोड स्थित सौरभ होटल के पास पेयजल लाइन में लीकेज होने से कई घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। कॉलटैक्स क्षेत्र में खराब ट्यूबवेल को ठीक कर लिया गया है। जिससे लोगों को राहत मिली है।

गौलापार क्षेत्र में भी पानी की किल्लत हो रही है। चांदनी चौक सांगुड़ी और भरतपुर में पिछले तीन दिन से सिंचाई विभाग के नलकूप खराब हैं, जिससे तीन हजार की आबादी पानी का संकट झेल रही है। सिंचाई नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूप की मरम्मत की जा रही है, जिसे चार दिन में ठीक कर लिया जाएगा। तब तक जल संस्थान टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रहा है।

### भवाली में जल संस्थान ने काटे 4 लोगों के कनेक्शन

**भवाली, अमृत विचार :** नगर में पेयजल समस्या को देखते हुए जल संस्थान ने पानी की बर्बाद, दुरुपयोग और मोटर लगाने वालों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया है। विभागीय टीम ने घर-घर छापेमारी कर करीब 4 लोगों के पेयजल कनेक्शन काटे। एई आरपी डोभाल ने बताया कि विभाग को लंबे समय से दूध डेयरी में पानी ओवर फ्लो होकर बहने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर विभाग ने दूध डेयरी का कनेक्शन काट दिया है। वहीं 2 लोग सीधे पेयजल लाइन से मोटर लगाकर पानी खींचते मिले। जिनके कनेशकन काट दिये गये। साथ ही एक व्यक्ति घरेलू कनेक्शन का व्यवसायिक प्रयोग करते मिला। जिस पर उसका कनेक्शन काट दिया गया है।

## नैनीताल में वाटर कूलर बने शोपीस, लोग परेशान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** निवर्तमान नगर पालिका बोर्ड ने नगर के 15 वार्डों में स्थानीय लोगों और सैलानियों की प्यास बुझाने के लिए करीब 1.54 करोड़ की लागत से वाटर कूलर लगाये थे। कुछ समय तक इन वाटर कूलरों से लोगों ने अपनी प्यास बुझाई, लेकिन वर्तमान में अधिकांश वाटर कूलर में पानी की सप्लाई बंद है।

कई वाटर कूलर बिजली न होने से ठप हैं। पर्यटन सीजन चरम पर है, ऐसे में मल्लीताल पंत पार्क, बड़ा बाजार, माल रोड व तल्लीताल सहित अनेक स्थानों पर लगे वाटर कूलर शोपीस बने हुए हैं। नगर पालिका ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब एक करोड़ 54 लाख 15 हजार रुपए की लागत से 82 वाटर कूलर लगाए गए थे। जिसमें से पालिका ने ठेकदार को 66 वाटर कूलरों का भुगतान कर दिया गया है, जबकि अभी 18 का भुगतान करना बाकी है। नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी ने बताया कि एक-दो वाटर कूलर खराब पड़े हैं। जिनको जल्द ठीक कर दिया जाएगा।


बड़ा बाजार स्थित खराब वाटर कूलर।

### बिठौरिया में गहराया पेयजल संकट, ईई को ज्ञापन दिया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बिठौरिया क्षेत्र के पडलिया रेजीडेंस, जयईष्टदेव कॉलोनी, रिंगरोड कॉलोनी, दुम्का कॉलोनी, निहारिका कॉलोनी, पांडे निवास, भंडारी जनरल स्टोर और पवार कॉलोनी में पेयजल संकट गहरा गया है। बुधवार को आक्रोशित लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर ईई रविशंकर लोशाली को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चौफुला चौराहे से कठघरिया वाली सड़क के दोनों ओर मुख्य पेयजल लाइन बिछाई गई है, जिसमें नहर की तरफ वाली लाइन को राठौर वाले नलकूप से जोड़ दिया गया है। इससे नलकूप के चलने पर ही पानी मिल रहा है। जबकि पूर्व में नहर के दूसरी तरफ वाली लाइन से गौला नदी का पानी आता था, जिसे अब बंद कर दिया गया है। उन्होंने ईई से नलकूप की लाइन से इंटर कनेक्शन देने की मांग की। मांग पूरी न होने पर धरने की चेतावनी दी। इस दौरान विशन दत्त भट्ट, महेंद्र, सरस्वती देवी, गोविंद सिंह, खष्टी देवी, हरीश चंद्र, प्रकाश चंद्र मौजूद रहे।

## मैदान में पारा बढ़ने से लोग बेहाल पहाड़ों में झमाझम बारिश से राहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मैदानी इलाकों में पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं। दिन हो या रात कभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। वहीं पहाड़ों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे काफी राहत है।

बुधवार को हल्द्वानी में सुबह से ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया। दोपहर में लू चलने लगी। गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया। शाम होने पर भी गर्मी से राहत नहीं मिली। रात में भी तापमान अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा था। बाजार में दोपहर के समय कम भीड़ रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रेमल चक्रवात की वजह से पूर्वी हवाओं का दौर मैदानी इलाकों में सक्रिय रहेगा। 30 और 31 मई को मैदानी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। साथ ही एक जून को 15 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। दो जून को भी बारिश हो सकती है। उधर, कपकोट में 30 मिमी, सामा में 12 मिमी, मुनस्यारी में 3.6 मिमी, बेरीनाग में 3.4 मिमी, डीडीहाट में 3 मिमी, धारचूला में 2.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जिससे मौसम सुहावना हो गया है।


रुद्रपुर में चिलचिलाती धूप के बीच छाते का सहारा लेकर जाती महिलाएं।

### 12 से 14 जून तक प्री मानसून की उम्मीद

**रुद्रपुर/काशीपुर, अमृत विचार :** तराई में लगातार तापमान में वृद्धि होती जा रही है। चिलचिलाती धूप के साथ गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल है। मौसम वैज्ञानिकों ने 12 से 14 जून के बीच प्री मानसून की संभावना जताई है। पिछले एक पखवाड़े से तराई में लगातार गर्मी बढ़ रही है। तापमान भी बढ़कर 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने गुरुवार को तराई में बादलों के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। जबकि पहाड़ों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि इस बार प्री मानसून 12 से 14 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। मानसून की बात करें तो अगले दो-तीन दिनों के दौरान केरल में मानसून पहुंचने की परिस्थितियां अब अनुकूल होती जा रही हैं। दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, लक्षद्वीप क्षेत्र के कुछ हिस्सों, केरल, दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों सहित पूर्वोत्तर में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ने लगा है। बारिश नहीं होने के कारण समय से पहले ही आम लीची तैयार हो जाएगी और इनमें मिठास भी कम होगी।

### नैनीताल में 30 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

**नैनीताल, अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन का असर अब नैनीताल में भी दिखाई देने लगा है। इसके चलते सैलानी भी पेड़ों की छांव में बैठे नजर आ रहे हैं। अमूमन सुबह से ही पर्यटकों से खचाखच भरा रहने वाला पंत पार्क बुधवार की दोपहर में खाली पड़ा रहा। इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी को देखते हुए सैलानी दोपहर में अपने होटल में ही ठहरे रहे और शाम के समय बाहर निकलकर नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया।

## मध्य प्रदेश के पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत

**दुखद**

- ओशो आश्रम भीमताल से हल्द्वानी लौटते समय पड़ा दौरा
- डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल में चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश से ओशो आश्रम घूमने आये पर्यटक को घर लौटते समय हार्ट अटैक आ गया। टैक्सी चालक उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बुधवार को परिजन मध्यप्रदेश से हल्द्वानी पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश निवासी विनोद कुमार (60 वर्ष) पुत्र स्व. लोचन प्रसाद चार दिन पहले भीमताल स्थित ओशो आश्रम घूमने आए थे। मंगलवार को वह टैक्सी से वापस हल्द्वानी आ रहे थे। इस दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। चालक उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उनकी मौत हो गई।

उधर, पुलिस ने बुजुर्ग के फोन से मोबाइल नंबर निकाला और परिजनों को सूचना दी। बुधवार को परिजन हल्द्वानी पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## छात्र ने लोन दिलाने के नाम पर ठगे 4 .90 लाख

**मामला**

- पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी का कर्मी बनकर ऐंठी रकम
- बेतालघाट पुलिस ने हरियाणा के शातिर को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीए की पढ़ाई कर रहे एक युवक ने पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी का कर्मी बनकर एक व्यापारी से लाखों रुपये की रकम ऐंठ ली। व्यापारी को लोन चाहिए था और जालसाज ने इसका फायदा उठाया। छात्र पहले पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी में काम कर चुका था, इसलिए उसे व्यापारी को शिकार बनाने में परेशानी नहीं हुई। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


हिरासत में ठगी का आरोपी आयुष।

बोहरा कॉलोनी बेतालघाट निवासी सौरभ बोहरा पुत्र स्व. देवेन्द्र सिंह बोहरा ने पुलिस को बताया कि उसकी बेतालघाट बाजार में फर्नीचर की दुकान है। उसने ऑनलाइन लोन के लिए गूगल पर सर्च किया था। 15 मार्च को एक टोल फ्री नम्बर से उसके पास लोन के संबंध में फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी का कर्मी बताया व सौरभ को 50 लाख रुपये के लोन दिलाने की बात कही। 28 मार्च तक सौरभ ने प्रोसेसिंग फीस के नाम पर करीब 490000 रुपये ठग के बैंक खाते में डाल दिए थे। जब ठग का फोन स्विच ऑफ हुआ तो सौरभ को ठगी एहसास हुआ। मुकदमा दर्ज कर बेतालघाट पुलिस जांच में जुटी और 28 मई को पुलिस ने राजेंद्र पार्क गुड़गांव हरियाणा निवासी आयुष कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में बेतालघाट थानाध्यक्ष अनीश अहमद, कांस्टेबल गगन भण्डारी और दीपक सिंह थे।

### एविएटर बेटिंग एप ने आयुष को बनाया जालसाज

**हल्द्वानी :** आयुष ने बताया कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीकॉम कर चुका है। वर्तमान में ऑनलाइन सीए की पढ़ाई कर रहा है। करीब 6 महीने से एविएटर बेटिंग एप के जरिये ऑनलाइन जुए की लत लग गई। वह अपने व अपने दोस्तों के पैसे जुए में हार गया। पूर्व में वह पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी में नौकरी कर चुका था। इसलिये उसने लोन के बारे में ऑनलाइन जानकारी लेने वालों का डाटा लेकर सौरभ से संपर्क किया और पैसा बाजार डॉट कॉम कंपनी का कर्मी बनकर लोन की प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 4 लाख 90 हजार रुपये ऐंठ लिए।

## स्कूटी सवार ने दोस्तों संग मिलकर दो युवकों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दो स्कूटी में टक्कर मारने के बाद एक स्कूटी सवार ने फोन कर अपने साथियों को बुलाया और युवक व उसके दोस्त को पीट-पीट कर मरणासन्न कर डाला। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बमेठा बंगर केशव नारायणपुरम गुमटी लालकुआं निवासी लीला देवी पत्नी स्व. नन्द बल्लभ पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि बीती 7 मई को उनका बेटा संजय पाण्डे (32 वर्ष) अपने मित्र संजय जोशी पुत्र ललित चन्द्र जोशी निवासी दौलिया डी क्लास हल्दूचौड़ के साथ स्कूटी से हल्द्वानी जा रहा था। तभी दूसरी स्कूटी संख्या यूके04 जेड 7274 से उनके बेटे की स्कूटी गोरापड़ाव में टकरा गई। आरोपी स्कूटी चालक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। तीन लड़कों ने संजय और उसके दोस्त को हेलमेट से पीटना शुरू कर दिया। आरोपी दोनों को मरा समझकर फरार हो गये। सोनू को होश आया तो उसने एंबुलेंस मौके पर बुलाई। दोनों को एसटीएच में भर्ती कराया गया। होश आने पर सचिन ने तीन आरोपी बालम, महेन्द्र और कुन्दन का नाम लिया।

### मोटर साइकिल समेत खाई में गिरे युवक की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मोटर साइकिल के साथ खाई में गिरे युवक की डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। नारायण सिंह (21 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी बच्चुबावन तल्ला चमोली में रहता था। 23 मई को वह गैरसैंण के पास मोटर साइकिल सहित 200 मीटर गहरी में खाई में गिर गया। उसने इसकी सूचना अपने पिता को फोन से दी। पिता ने ग्रामीणों की मदद से उसे खाई से निकाला और गैरसैंण के अस्पताल ले गए। यहां से उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। 24 मई को वह अस्पताल पहुंचा। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है

## सड़क हादसे का मुकदमा छह माह बाद दर्ज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल रोड पर हुए सड़क हादसे का मुकदमा करीब छह माह बाद दर्ज किया गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार कार सवार ने डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो और स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसमें ऑटो चालक बुरी तरह घायल हो गया था।

बच्चीनगर दो कठघरिया मुखानी निवासी राजेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र दीवान सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर 2023 को वह अपने ऑटो यूके 04 टीए 9170 से घर लौट रहे थे। जजी कोर्ट के पास वैगनार कार के चालक प्रकाश सिंह बिष्ट निवासी सेनन अल्मोड़ा ने कार डिवाइडर पर चढ़ा दी। डिवाइडर से टकराकर कार ने दूसरी दिशा से आ रहे ऑटो और स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में राजेंद्र नाक की हड्डी व पैर में फैक्चर हो गया। घटना के छह माह बाद भी राजेंद्र का उपचार जारी है।

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- रामपुर रोड पर हुआ हादसा, चालक वाहन समेत फरार
- स्कूटी पर सवार थे दो लोग, दूसरे का प्राइवेट पार्ट जख्मी

**अमृत विचार :** देर रात बाजार की ओर जा रहे स्कूटी सवार दोस्तों को पिकअप ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में एक युवक के हाथ और पैर टूट गए, जबकि दूसरे का प्राइवेट पार्ट जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

रामपुर रोड अमरदीप होटल में काम करने वाले केदार सिंह मेहरा पुत्र कुंवर सिंह मेहरा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 20 मई की रात उनका भाई सचिन अपने दोस्त के साथ स्कूटी से बाजार की ओर जा रहा था। टीपीनगर चौराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप संख्या यूके 06 टीए 7205 ने स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। केदार के मुताबिक सचिन के दोनों पैरों की हड्डी, दोनों हाथों की हड्डी, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई है। जबकि उसके दोस्त के गुप्तांग व शरीर में गहरी चोटें आई हैं। दोनों का डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

**अच्छी खबर** एस्ट्रो टूरिज्म को लेकर कुमाऊं मंडल विकास निगम और आर्यभट्ट प्रेक्षण संस्थान के बीच करार

## पर्यटक भी अब देख सकेंगे ब्रह्मांड की गहराई में छुपे रहस्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल आने वाले पर्यटकों को एस्ट्रो टूरिज्म से जोड़ने के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम और आर्यभट्ट प्रशिक्षण संस्थान एरीज के बीच करार हुआ है। टीआरसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी और एरीज के निदेशक डॉ. दीपंकर बनर्जी ने दोनों विभागों के बीच हुए करार पर हस्ताक्षर किए।

केएमवीएन के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी ने बताया नैनीताल आने वाले पर्यटक यहां की सुंदर वादियों के साथ-साथ अब अंतरिक्ष और ब्रह्मांड में छुपे रहस्यों को भी जान सकेंगे।


नैनीताल में एमओयू साइन करने के बाद केएमवीएन के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी और एरीज के निदेशक दीपांकर बनर्जी व अन्य अधिकारी।

पर्यटकों में ब्रह्मांड के प्रति रुचि बढ़ाने और रोमांच जगाने के लिए एस्ट्रो टूरिज्म शुरू किया गया है। अब तक नैनीताल आने वाले पर्यटक शाम होते ही माल रोड में घूमने के बाद अपने होटल में चले जाते थे लेकिन अब कुमाऊं मंडल विकास निगम और एरीज के प्रयासों के बाद पर्यटक ब्रह्मांड की सुंदरता को भी निहार सकेंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम रोजाना शहर से 25-25 सदस्यों के दो दल बनाकर एरीज भेजा भेजेगा।

एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दीपांकर बनर्जी ने बताया आर्यभट्ट प्रेक्षण संस्थान में स्कूली छात्र-छात्राओं समेत स्थानीय लोगों को ब्रह्मांड की जानकारी पहले से दी जाती थी। अब एक कदम आगे बढ़ते हुए पर्यटकों को भी जोड़ा जा रहा है।

नैनीताल आने वाले पर्यटकों को एरीज द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी पता चल सकेगा। वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे रिसर्च और अध्ययन जनता तक आने चाहिए। जिससे लोगों को ब्रह्मांड में चल रहे घटनाक्रम की जानकारी मिल सकेगी।

### बोले प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल

नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए रात में कोई विशेष स्थान घूमने के लिए नहीं है। जिसको देखते हुए एरीज के निदेशक के साथ मिलकर एमओयू साइन किया गया है। जिसके तहत एक दिन में दो दलों को ब्रह्मांड दर्शन के लिए एरीज भेजा जाएगा। जिसके लिए पर्यटकों को केवल आने-जाने का खर्च देना होगा। एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत कार्य कर रहे हैं उनके प्रयासों से आने वाले समय में एस्ट्रो टूरिज्म तेजी से बढ़ेगा। -**संदीप तिवारी**, प्रबंध निदेशक, कुमाऊं मंडल विकास निगम

## महिला ने नौकरी का मैसेज भेज युवक को लगाई लाखों की चपत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**जालसाजी**

- झांसे में आकर पीड़ित ने गंवाए सात लाख रुपये
- मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी साइबर पुलिस



**अमृत विचार :** नौकरी का मैसेज भेज कर महिला जालसाज ने एक युवक को झांसे में लिया और लाखों रुपये की चपत लगा दी। साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ऊंचापुल मुखानी निवासी बृजराज रौतेला पुत्र स्व. शमशेर सिंह रौतेला ने पुलिस को बताया कि बीती 16 मई को उनके व्हाट्सएप पर आर्या माहेश्वरी नाम से नौकरी के लिए मैसेज आया। आर्या ने एक लिंक भेजा और रिव्यू करने को कहा। ऐसा करने पर बृजराज के खाते में 210 रुपये भेजे गए। इसके बाद एक लिंक भेजा गया। खोला तो टेलीग्राम पर कविता शर्मा नाम की महिला से बात हुई। जिसने क्रिप्टो में पैसा लगाने को कहा और एक यूपीआई नंबर भेजा। इस पर एक हजार रुपये डालने को कहा और ओकेएक्स पर एक अकाउंट बना दिया गया। फिर नवीन चड्ढा नाम के व्यक्ति ने क्रिप्टो में इंवेस्ट करने का तरीका सिखाया। इस बीच कविता ने एक हजार रुपये के बदले खाते में 1500 रुपये डाल दिए। फिर तीन हजार इंवेस्ट किया तो 4300 रूपये खाते में आ गए। 16 मई से 19 मई के बीच बृजराज ने 7,00,775 रुपये इंवेस्ट कर दिए। बृजराज ने जब इस रकम को खाते में डालने को कहा तो उससे 30 हजार रुपये सर्विस फीस मांगी गई। जिसके बाद बृजराज को जालसाजी का एहसास हुआ।

# लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण क्षुब्ध

## बिन्दुखत्ता क्षेत्र में एक पखवाड़े से बने हैं खराब हालात, कटौती पर रोक के साथ उच्च क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

संवाददाता, लालकुआं



उपखंड विद्युत वितरण अधिकारी को ज्ञापन सौंपते बिंदुखत्ता क्षेत्र के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिंदुखत्ता क्षेत्र में लो वोल्टेज और अघोषित विद्युत कटौती से क्षुब्ध ग्रामीणों ने कांग्रेस संगठन के नेतृत्व में उपखंड विद्युत अधिकारी लालकुआं के अलावा तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें शीघ्र अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाने के साथ ही उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिन्दुखत्ता क्षेत्र में एक पखवाड़े से लगातार अघोषित विद्युत कटौती हो रही है। साथ ही लो वोल्टेज से बिंदुखत्ता वासी परेशान हैं। इस पर परेशान लोग बुधवार को तहसील परिसर लालकुआं में एकत्र हुए। जहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू के नेतृत्व में जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार लालकुआं को सौंपा। उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता में पिछले 15 दिनों से अघोषित विद्युत कटौती के साथ लो वोल्टेज सप्लाई की जा रही है, जिससे लोगों में खासा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शीघ्र अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए।

ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व बिंदुखत्ता में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने व विद्युत पोल लगाने के लिए भाजपा विधायक कार्यालय द्वारा एक करोड़ रुपये स्वीकृत होने की बात की गई थी जो आज तक धरातल पर नहीं उतर पाया। इधर नगर में भी विद्युत कटौती के चलते संजय नगर लाइन मोहल्ले में भी पानी की सप्लाई बुधवार को भी बाधित रही, जिससे लोगों में हाहाकार मचा रहा। आम जनों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता मनोज मौर्या का कहना है कि बिजली के बिना तो रहा जा सकता है लेकिन पानी की सप्लाई नियमित न करने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पीने का पानी रेलवे स्टेशन से लाने को मजबूर हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, लाल कुआं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवन पांडे, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंदन सिंह मेहता, रूप सिंह जीना, हेमवती नंदन दुर्गापाल राजेंद्र खनवाल, रमेश सिंह राणा, दीपा बिष्ट, शिवराज सिंह बिष्ट, विजय सामंत, कैप्टन इन्द्र सिंह पनेरी, रमेश कुमार, नवीन जोशी आदि लोग शामिल रहे।

### गौला नदी में सुरक्षा दीवार बनाने की मांग

गौला नदी में आरसीसी सुरक्षा दीवार खड़ी करने की मांग को लेकर बिंदुखत्ता संघर्ष समिति ने तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात आने में मात्र 15 दिन बचे हैं लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक गौला नदी में चिन्हित भू कटाव क्षेत्र में सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य शुरू नहीं कराया गया है, जबकि ग्रामीण इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन से मांग कर चुके हैं लेकिन सरकार व जिला प्रशासन का इस संबंध में चुप्पी साधना संदेह के घेरे में है। ज्ञापन सौंपने वालों में बिंदुखत्ता संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, प्रभात पाल, भुवन जोशी, गिरीश जोशी आदि लोग शामिल रहे।

## छात्राओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में पढ़ने वाली छात्राओं को अब अप्रेंटिस के लिए 30 प्रतिशत सीटें तय कर दी गई हैं। राज्य में आरक्षण की तर्ज पर बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए आईटीआई निदेशालय की ओर से फैसला लिया है। जिसके बाद 105 आईटीआई में पढ़ने वाली 1060 छात्राओं को लाभ मिलेगा।

राज्य में अभी 105 आईटीआई का संचालन होता है और 29 ट्रेड की पढ़ाई होती है। जिसमें 14 हजार से अधिक छात्राएं प्रवेश लेती हैं, जबकि अप्रेंटिस के लिए 14 हजार सीटें तय हैं। बीते शनिवार को हुई बैठक के बाद छात्राओं को उद्योगों में ट्रेनिंग देने को निदेशालय की ओर से 30 फीसदी सीटें आरक्षित कर दी गईं हैं। निदेशक संजय कुमार की ओर से प्रधानाचार्यों को आदेश दे दिया गया है।

### आज दी जाएगी तिलाड़ी के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रामनगर :** तिलाड़ी कांड के शहीदों की याद में गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार ने बताया कि गांधीनगर मालधन में शाम 5 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



वन मंत्री से वार्ता करते विधायक व भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी। ● अमृत विचार

### वन मंत्री को बताईं जिप्सी चालकों की समस्याएं

**रामनगर :** लॉटरी प्रणाली से बाहर करीब 80 जिप्सी संचालकों के रोजगार को लेकर विधायक दीवान बिष्ट ने बुधवार को देहरादून में वन मंत्री सुबोध उनियाल से वार्ता की। वार्ता में वाइल्ड लाइफ चीफ समीर सिन्हा और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी भी मौजूद रहे। वार्ता के दौरान मदन जोशी ने सफारी पर परमिट शुल्क में वृद्धि को वापस लेने की मांग उठाई। इस दौरान आशीष ठाकुर और मुकेश रावत भी मौजूद रहे। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने बताया कि वन मंत्री की ओर से इस संदर्भ में समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया गया।

### खाई में गिरी कार, पिता और पुत्र घायल

**कालाढूंगी :** नैनीताल मार्ग में कालाढूंगी से एक किलोमीटर पहले लाल मिट्टी के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। कार सवार पिता व पुत्र मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घर चले गए। काशीपुर निवासी दानसिंह बिष्ट अपने पुत्र मयंक बिष्ट के साथ नैनीताल से वापस आ रहे थे। तभी लाल मिट्टी के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब सौ फीट नीचे खाई में गिर गई।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को धरा

**कालाढूंगी :** पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि मंगलवार की रात को गश्त के दौरान बच्चीनगर बैलपड़ाव के पास संदिग्ध घूम रहे युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब प्लास्टिक के गैलन से बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम अवतार सिंह बताया। वहीं ट्यूबवेल के पास 10 लीटर कच्ची शराब के साथ सुखविंदर सिंह निवासी बैलपोखरा को गिरफ्तार किया है।



मौके का निरीक्षण करती अधिकारियों की टीम। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण की शिकायत पर टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**रामनगर :** मोहल्ला खताड़ी एवं ऊंट पड़ाव में अतिक्रमण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी की ओर से गठित टीम ने मौके का निरीक्षण किया लेकिन मौके पर टीम को कोई अतिक्रमण नहीं मिला। बता दें कि भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को जांच किए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत एसडीएम राहुल शाह द्वारा गठित टीम द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया की उपरोक्त क्षेत्र में कतिपय लोगों द्वारा पक्के आवासीय भवन बनाये हैं। मौके में कोई नव निर्माण होते नहीं पाया गया है। नगर पालिका रामनगर से नजूल रजिस्टर व अन्य अभिलेखीय दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण में तहसीलदार रामनगर कुलदीप पांडे, अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार यादव, नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा, राजस्व उप निरीक्षक सदर राहुल आर्या, संजय मनराल कर एवं राजस्व निरीक्षक, लल्ला मियां कर एवं राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### ठेकेदार की मौत होने पर जिप्सी चालक पर मुकदमा

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव क्षेत्र में दुर्घटना में घायल ठेकेदार फिलीस पुत्र शेख तालिब निवासी कहाता कालूतोला पश्चिम बंगाल की उपचार के दौरान मौत हो गयी। फिलीस ने बैलपड़ाव में आम के बगीचे ठेके में लिए थे, 21 मई की रात को पुरानी पुलिस चौकी के पास कार के साथ खड़ा था तभी विपरीत दिशा से आ रही जिप्सी ने टक्कर मार दी, जिसमें ठेकेदार फिलीस गंभीर घायल हो गया था। मंगलवार को मौत हो गयी। शगीर अहमद निवासी खत्याडी रामनगर के तहरीर पर जिप्सी चालक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### खनन करके भाग रही ट्रॉली के टायर में मारी गोली

**रामनगर :** बुधवार शाम करीब पांच बजे प्रधान घाट पर तराई पश्चिमी की रामनगर रेंज और वन सुरक्षा बल की टीम ने अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन इसके ड्राइवर रोकने के बजाय ट्रॉलियों को भगा ले गए। इस पर टीम ने पीछा पीछा करते हुए ट्राली के टायरों को फायरिंग कर फोड़ डाले। ट्रैक्टर रुक जाने पर चालक ट्रॉलियां छोड़कर भाग गए। वन विभाग की टीम ने वाहनों को वन अभिरक्षा में विधिक कार्रवाई के लि गुलजारपुर वन चौकी में खड़ा कर दिया है।

### पांच दिन से युवक लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



**लालकुआं :** इंदिरा नगर बिंदुखत्ता का 28 वर्षीय युवक पांच दिन पूर्व घर से लालकुआं आया था। तब से वापस नहीं लौटा, जिस पर घर वालों ने युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना लालकुआं में दर्ज कराई है। इंदिरा नगर प्रथम बिंदुखत्ता निवासी विपिन सिंह उर्फ आशीष पुत्र करण सिंह 24 मई को अपने भाई आशीष के रेस्टोरेंट लालकुआं गया था, जहां उसने अपनी बाइक खड़ी की। फिर थोड़ी देर में आता हूं कहकर चला गया। इसके बाद युवक का कोई पता नहीं चल पाया। उसके बाद घरवालों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



थियेटर कार्यशाला में अभिनय सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों को सिखाईं थियेटर की बारीकियां

**रामनगर, अमृत विचार :** एमपी इंटर कालेज में रचनात्मक शिक्षक मंडल के बैनर तले पांच दिवसीय थियेटर कार्यशाला बुधवार से शुरू हो गयी है। कार्यशाला का शुभारम्भ वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने ने किया। इस दौरान हिमानी, प्राची, कोमल की टीम ने वीरेन डंगवाल, नागार्जुन, बल्ली सिंह चीमा के गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान दिल्ली से आए हुए वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम संगवारी ने प्रतिभागी बच्चों को पहले दिन थियेटर की बारीकियां सिखाईं। प्रशिक्षण दे रहे प्रेम संगवारी ने थिएटर के इतिहास से रूबरू कराया। कार्यक्रम के संयोजक नवेंदू मठपाल ने बताया कि पहले दिन विभिन्न सरकारी स्कूलों के आठ वर्ष से 18 वर्ष तक के 35 से अधिक बच्चों ने थियेटर के गुर सीखे। सांयकालीन सत्र में क्यारी गांव के बच्चों को थियेटर के गुर सिखाए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. संजीव शर्मा, नंदराम आर्य, सुभाष गोला, प्रभात ध्यानी, नवेंदु मठपाल, प्राची बंगारी, डा. पुष्पेंदु मठपाल, शबनम, प्राची बंगारी, चारू तिवारी, गोपाल पांडे मौजूद रहे।

## बर्ड फ्लू को अलर्ट 40 सैंपल लिए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बर्ड फ्लू की आशंका के मद्देनजर कुमाऊं में अलर्ट जारी किया गया है। इसके लिए कुमाऊं से करीब 40 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही सभी जिला पशु चिकित्सा अधिकारियों को इस पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बीते दिनों केरल में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद राज्य में भी इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पशुपालन विभाग के अपर निदेशक उदय शंकर ने बताया कि 40 नमूनों को रुद्रपुर सेंटर से भोपाल स्थित प्रयोगशाला में भेजा जाएगा, जहां पक्षी का रक्त नमूना लिया जाएगा। सभी जिला पशु अधिकारियों को ऐसे मामलों में विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। पक्षियों के असामान्य गतिविधियों, जलाशयों में प्रवासी पक्षियों और मुर्गी फार्मों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

# अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों और कब्जेदारों में नोकझोंक

▸▸ **डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल प्रशासन तैयार कर रहा है रिपोर्ट, पुलिस में की जाएगी मामले की शिकायत**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास से अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने कब्जा करने वालों को हटाने की कार्रवाई की, लेकिन अतिक्रमण करने वालों के साथ उनकी नोकझोंक हो गई। कुछ लोगों ने वापस कब्जा कर लिया है। अस्पताल प्रशासन प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार कर रहा है। उसके आधार पुलिस में शिकायत की जाएगी।

बीते सोमवार को नगर निगम की टीम ने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटाया था। जिस पर पुनः अतिक्रमणकारी काबिज हो गये हैं। बुधवार को अस्पताल के सुरक्षा कर्मी कब्जा करने वालों के पास पहुंचे और उन्हें हटने के लिए कहा, लेकिन उन लोगों ने हटने से मना कर दिया। बात आगे बढ़ी तो कब्जा करने वालों और सुरक्षा कर्मियों में नोकझोंक हो गई। सुरक्षा कर्मी इस बार नाम के साथ एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। जिसमें इस बात का उल्लेख किया जा रहा है कि कौन-कौन अस्पताल के पास अतिक्रमण कर रहा है और मना करने पर सुरक्षा कर्मियों के साथ बदतमीजी कर रहा है।

इधर, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि ऐसा लगता है कि किसी के सरंक्षण में यह अतिक्रमण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस में शिकायत के बाद इसकी जांच करने की भी मांग की जाएगी। बताया कि सुरक्षा कर्मियों से प्रतिदिन तीन से चार बार गश्त करने के लिए कहा गया है।

### बार-बार आ रहा संरक्षण देने वाले का नाम

हल्द्वानी : पूर्व में भी जब एक बार अस्पताल प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को अस्पताल में बुलाकर बात की थी तब भी यह बात सामने आई थी कि कब्जेदार प्रतिदिन के हिसाब से किराया देते हैं। वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करके उसे किराए में दिए जाने की बात सामने आ रही है। यह भी सुनने में आ रहा है कि एक व्यक्ति की शह पर अतिक्रमण करवाया जाता है।

# हाईकोर्ट को बाहर न जाने देने का संकल्प

संवाददाता, रामनगर



हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष का स्वागत करते रामनगर के अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बार एसोसियेशन की बैठक में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने भरोसा दिलाया कि हाईकोर्ट को नैनीताल जनपद से बाहर नहीं जाने देंगे। एडवोकेट रावत बुधवार को बार एसोसिएशन की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

रामनगर बार अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता और सचिव संतोष देवरानी के संचालन में सम्पन्न बैठक में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने कहा कि नैनीताल को हाईकोर्ट राज्य गठन के दौरान इसलिए मिली थी, क्योंकि अस्थायी राजधानी देहरादून तय की गई थी। विशिष्ट अतिथि सौरभ अधिकारी ने भी इसे नैनीताल, हल्द्वानी या रामनगर में कहीं स्थापित किये जाने की पुरजोर वकालत की।

बैठक में एडवोकेट जगदीश कुमार मासीवाल, सुरेश चंद्र, राजेंद्र सिंह लटवाल, बालम सिंह बिष्ट, पीएस बोहरा ने हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर रामनगर का पक्ष मजबूती से रखा। रामनगर बार के अध्यक्ष तिवारी ने साफ कहा कि हाईकोर्ट की नैनीताल जिले से बाहर शिफ्टिंग नहीं होने दी जाएगी, चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। एडवोकेट तिवारी ने कहा कि इस संबंध में कुमाऊं मंडल के सभी बार एसोसिएशनों के अध्यक्ष और सचिव स्तरीय सम्मेलन रामनगर में आयोजित किया जाएगा। रामनगर बार सचिव संतोष देवरानी ने कहा कि अगली बैठक और सम्मेलन की सूचना शीघ्र घोषित की जाएगी। इससे पूर्व न्यायालय गेट पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत उपसचिव गणेश कुमार गगन व ऑडिटर मोहम्मद यूनुस ने किया। कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को बार एसोसिएशन की डायरी भेंट की। बैठक में सुरेश चंद्र नैनवाल, पूरन सिंह बोहरा, गिरधर सिंह बिष्ट, प्रेम नैनवाल, ललित मोहन पांडे, दीपक जोशी, रणजीत सिंह, यूनुस, बलवंत सिंह बिष्ट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ट्रांसप्लांटेशन के लिए शहर के 40 पेड़ चिन्हित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शहर में 13 चौराहों के चौड़ीकरण की जद में आ रहे 40 पेड़ों के ट्रांसप्लांटेशन और रिलोकशन को लेकर वन, लोनिवि, राजस्व और ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ के साथ बैठक की।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ के साथ सर्वे कर लगभग 40 पेड़ों को चिन्हित किया गया है। इन 13 चौराहों की जद में आ रहे पेड़ों को ट्रांसप्लांट का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रांसप्लांटेशन एक बायलॉजिकल प्रोसेस है, जिसमें पेड़ के रूट को काट कर केमिकल का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद उसमें नई जड़ों को लाया जाता है फिर पैक, लिफ्ट और अन्य जगह ट्रांसपोर्ट किया जाता है। इस पर डीएम ने कहा कि उन्हीं पेड़ों को ट्रांसप्लांट/रिलोकेट किया जाएगा जिनकी सरवाइव होने की 80 प्रतिशत संभावना रहेगी।

लोनिवि ईई को ट्रांसप्लांट होने वाले पेड़ों की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। इन चौराहों के चौड़ीकरण से ट्रैफिक में आने वाले अवरोधक दूर होंगे। इसके साथ ही नैनीताल रोड से लगते हुए लगभग 12 पार्कों की लैंडस्केपिंग भी की जाएगी। इसके लिए लोनिवि को नोडल बनाया गया है। इससे यहां से कुमाऊं के अन्य जनपदों की और जाने वाले पर्यटक पहाड़ के स्वरूप से जुड़ाव महसूस कर पाएंगे। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डी एफ ओ यू सो तिवारी, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**पत्रकार वार्ता** कौमी एकता मंच ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में की जांच की मांग, मारे गये लोगों के परिजनों को 25 लाख का मुआवजा देने को कहा

# बनभूलपुरा हिंसा के लिए प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

संवाददाता, रामनगर




पत्रकार वार्ता करते कौमी एकता मंच के सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : फरवरी में हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में हुई हिंसा के लिए कौमी एकता मंच ने प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए रामनगर में अपनी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की है। पत्रकार वार्ता के दौरान कौमी एकता मंच की संयोजिका रजनी जोशी ने रिपोर्ट जारी कर कहा कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा प्रदेश सरकार की सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति एवं प्रशासनिक नाकामी का परिणाम थी।

उन्होंने शासन-प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर कहा कि जब 3 फरवरी की रात ही प्रशासन ने मदरसा और मस्जिद को सील कर अपने कब्जे में ले लिया था तो फिर ऐसी क्या आपात स्थिति थी कि 8 फरवरी को भारी पुलिस बल लगाकर बुल्डोजर से सम्बन्धित निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद प्रशासन ने उसकी अवज्ञा की। मामले में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध रही है। इसमें 7 लोग मारे गये हैं और अनेकों घायल हुए हैं। अतः सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच कराते हुए दोषी अधिकारियों को सजा देने के साथ पुलिस की गोलीबारी में मारे गये लोगों के परिजनों को 25 लाख रुपये एवं घायलों को 5 लाख का मुआवजा दिया जाये।

प्रभात ध्यानी ने कहा कि कर्फ्यू के दौरान पुलिस ने बनभूलपुरा में आतंक का राज कायम किया। इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रुहेला ने कहा कि घटना को घटे साढ़े तीन महीने से भी अधिक समय हो चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक भी चार्ज शीट पेश करने में असफल रही है।

### मंच ने पुलिस-प्रशासन का भी पक्ष जानने की कोशिश की, लेकिन समय नहीं दिया

भाकपा (माले) से केके बोरा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सत्ता पर काबिज सांप्रदायिक ताकतें प्रदेश की फिजा को बिगाड़ रही हैं, लेकिन प्रदेश की जनता इनके इरादों को कामयाब नहीं होने देगी। परिवर्तनकामी छात्र संगठन के चन्दन ने कहा कि कौमी एकता मंच ने पुलिस-प्रशासन का भी पक्ष जानने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने समय नहीं दिया। इसके अलावा प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की शीला शर्मा व तुलसी छिम्वाल, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के रवि एवं उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के मो. आसिफ और सुनील पर्नवाल, व्यापार मण्डल के मनमोहन अग्रवाल ने भी पत्रकार वार्ता में अपनी बात रखी।

## चेकिंग अभियान में 67 वाहनों के चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने नैनीताल और भवाली क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 67 वाहनों के विभिन्न अभियोगों में चालान किए हैं। अभियान के दौरान 11 वाहन चालकों के लाइसेंस में हिल एंडोर्समेंट नहीं होने पर चालान किया गया।

5 बिना परमिट, 1 बिना फिटनेस, 2 बिना आरसी, 9 बिना टैक्स, 27 अवमानना, 2 बिना प्रदूषण, 3 बिना हेलमेट, 15 नो पार्किंग, 3 किराया सूची न होने, 2 ओवरलोड और 1 प्रेशर हॉर्न सहित 50 अन्य अभियोगों में चालान किया गया। एआरटीओ रश्मि भट्ट ने रूसी वन व रूसी 2 शटल सेवा का भी निरीक्षण किया। प्रवर्तन टीम में एआरटीओ प्रवर्तन रश्मि भट्ट और इंटरसेप्टर रुद्रपुर व इंटरसेप्टर काशीपुर शामिल रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# मात्र एक कॉलोनी का विकास, बाकी में समस्याओं का अंबार

**जवाहर ज्योति एक, वार्ड- 36 का हाल :-** भूमि का मालिकाना हक न मिलने से लोग परेशान

**जनसंख्या: 10 हजार करीब** | **मतदाता: 06 हजार करीब**


**मुख्य कॉलोनियां :-** कुमाऊं कॉलोनी, हिमालय कॉलोनी, संगम विहार, जमरानी कॉलोनी, मित्रपुरम, कैलाश व्यू कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, अंबेडकर पार्क, शिवपुरी आदि।




संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति एक वार्ड-36 में मात्र एक कॉलोनी का विकास हुआ है और बाकी में समस्याओं का अंबार है। भूमि का मालिकाना हक न मिलने से लोग परेशान हैं। रकसिया नाले में सुरक्षा दीवार नहीं बनने से आसपास के लोग काफी चिंतित हैं। पेयजल की समस्या पूरे वार्ड में हैं। आवारा जानवरों का आतंक हैं।

वार्ड की कैलाश व्यू कॉलोनी में लगभग सभी सुविधाएं हैं। यहां कॉलोनी के बाहर बड़ा गेट व चौकीदार तैनात है। लोगों ने बताया कि इस कॉलोनी में कुछ बड़े अधिकारी रहते हैं, इसलिए यहां पेयजल, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि की सुविधाएं हैं, जबकि बाकी क्षेत्रों में समस्याएं ही समस्याएं हैं। वार्ड में पेयजल की सबसे अधिक दिक्कत है। नलों में पानी आता है, लेकिन घंटों बाद एक-दो बाल्टी पानी मिल पाता है। क्षेत्र की कुमाऊं कॉलोनी, गोकुल नगर, मित्रपुरम, संगम विहार, शिवपुरी, कमेटी रौला आदि क्षेत्रों में पेयजल की सबसे अधिक दिक्कत है। कुमाऊं कॉलोनी, गोकुल नगर, संगम विहार व अंबेडकर पार्क में रकसिया नाले के पानी से पिछले वर्ष कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। लोग बरसात से पूर्व नाले की सुरक्षा दीवार बनाने की गुहार लगा रहे हैं। वहीं मित्रपुरम, सरदार की कोठी से कुमाऊं कॉलोनी और जमरानी चौराहे से अंबेडकर पार्क तक मुख्य सड़क पांच वर्षों से नहीं बन पाई है। वार्ड में लो वोल्टेज की समस्या भी है। क्षेत्र की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी ने बताया कि रकसिया नाले में सुरक्षा दीवार बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।





हिमालय कॉलोनी में पानी भरने के लिए घर के बाहर रखा पाइप और खाली डिब्बा, दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति की मुख्य सड़क में टूटी पड़ी नाली की जाली व खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

## लोगों से बातचीत



नगर निगम में शामिल होने के बाद कोई लाभ नहीं मिला है। आज तक भूमि का मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। नलकूप काफी दिनों से खराब है।
–नवीन चंद्र



कूड़े की गाड़ी आती है, लेकिन थोड़ी देर ही रुकती है। एक कर्मचारी होने से स्वयं गाड़ी में कूड़ा डालना पड़ता है। स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं।
–सुभाष चंद्र



पानी की काफी दिक्कत है। हर माह 2500 रुपये खर्च कर टैंकर मंगवाना पड़ता है। जल संस्थान को भी बिल देना पड़ता है। कुछ स्ट्रीट लाइटें खराब हैं।
–रोहित कुमार



पेयजल की काफी दिक्कत है। टैंकर से ही पानी भरना पड़ता है। टैंकर एक दिन छोड़कर आता है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है।
–पूरन राम



जल संस्थान का टैंकर आता है, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। कई कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से आने-जाने में दिक्कत होती है।
–रीना आर्या



अंबेडकर पार्क में इन दिनों पानी की दिक्कत है। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है। सफाई कर्मचारी भी आते हैं।
–कमला देवी

# दो घंटे में खराब हुआ नया ट्रांसफार्मर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड 59 में हिमालय स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर बीते सोमवार की सुबह फुंक गया था। जिस कारण चौधरी कॉलोनी और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। मंगलवार की शाम विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफार्मर लगाया, जो दो घंटे बाद ही खराब हो गया।

पिछले दो दिन से क्षेत्र के लोग बिजली ठप होने से बेहाल हैं। भीषण गर्मी में एसी, पंखा, कूलर नहीं चलने से लोगों का घर के अंदर रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

कहा कि विभाग ने नए ट्रांसफार्मर के बजाय मरम्मत किया हुआ, ट्रांसफार्मर लगा दिया। जिससे वह दो घंटे में ही जवाब दे गया। क्षेत्र में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था जो कम क्षमता होने के कारण लोड नहीं झेल पा रहा है। साथ ही लाइन में जगह-जगह तार भी कमजोर हैं, जिससे बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होती है।



चौधरी कॉलोनी के पास पुराना ट्रांसफार्मर लगाने के बाद विरोध करते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

### विरोध के बाद मंगवाया अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर

वार्ड 59 चौधरी कॉलोनी और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप होने से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। लोगों ने मौके पर पहुंचे एसडीओ मनीष जोशी और जेई आजम मलिक का घेराव किया। कहा कि विद्युत आपूर्ति ठप हुए 40 घंटे से अधिक हो गए है। दो घंटे के लिए बिजली आई और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से फिर गायब हो गई। लोगों के विरोध करने के बाद अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर मंगवाया गया। इस दौरान निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू, कर्नल बीएस राणा, दीपक बहुगुणा, लईक अंसारी, मो. शमी, गिरीश गुणवंत, मोहन भट्ट, यामीन, बबलू धामी, मजाहिर अली,, सुनीता गुणवंत, संगीता भट्ट, मीरा बिष्ट, राहुल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# कुमाऊं संभाग कार्यालय में बनेगा मतगणना कंट्रोल रूम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना की तिथि नजदीक आते ही भाजपा ने भी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मतगणना की मॉनिटरिंग को कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।



प्रताप बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मतगणना की जिम्मेदारी प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत को सौंपी गई है। इसके अलावा हर विधानसभा सीट पर 1 प्रमुख और 15 सहयोगी कुल 16 कार्यकर्ता प्रत्येक टेबल पर होंगे। उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेंट, प्रभारी, लोकसभा मतगणना प्रभारियों के नाम आज पहुंच जाएंगे। उनके फार्म भरने शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा मतगणना के परिणामों की मॉनिटरिंग के लिए मुखानी के कुमाऊं संभाग स्थित कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसमें मतगणना की अपडेट एवं इस पूरी प्रक्रिया में आने वाली शिकायतों के निवारण एवं जानकारी के समन्वय का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व से स्पष्ट निर्देश हैं कि एक भी वोट व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है ताकि चुनाव की घोषणा से मतदान की मेहनत व्यर्थ नहीं जाए।

## सार-संक्षेप

### हम दो हमारे बारह फिल्म पर रोक लगाने की मांग

**हल्द्वानी :** उलमा ए अहल ए सुन्नत ने फिल्म हम दो हमारे बारह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस फिल्म में कई अजीब दृश्य और संवाद हैं। जिसमें इस्लाम और पवित्र ग्रंथ के बारे में गलत एवं झूठी बातें फैलाकर मुस्लिमों की धार्मिक भावनाएं आहत की गई हैं। इसके जरिए सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिल्म में इस्लाम धर्म, विशेषकर पर्दानशीं औरतों के प्रति पूर्वाग्रह व नफरत को बढ़ावा मिलता है। ऐसी फिल्में न केवल समाज में भेदभाव और वैमनस्यता फैलाने का काम कर रही हैं, बल्कि देश के सांप्रदायिक शांति और सौहार्द को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने फिल्म के निर्माता, वितरकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की और फिल्म के प्रदर्शन पर भी रोक लगाने की मांग की है।

### 13 जून को होंगे जिला बार एसोसिएशन के चुनाव

**नैनीताल :** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 13 जून को होगा। सह चुनाव अधिकारी दीपक रुबाली ने बताया कि अधिवक्ताओं की ओर से सभी देयकों के भुगतान की तारीख 31 मई तय की गई है, जिसके बाद 5 जून को मतदाता सूची का प्रकाशन व उस पर आपत्तियां ली जाएंगी। 6 जून को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जो सुबह 11 से दिन में 1 बजे तक चलेगी, 7 जून को नामांकन व उसी दिन 2 से 3 बजे तक नाम वापसी प्रक्रिया होगी। 12 जून को प्रत्याशियों की ओर से आमसभा का सम्बोधन व 13 जून को मतदान के बाद शाम 4 बजे से मतगणना होगी व उसी दिन परिणाम की घोषणा की जाएगी। वहीं वन बार वन वोट का नियम भी सख्ती से लागू किया जाएगा।

### 4.11 लाख रुपये लगी 0005 नंबर की बोली

**हल्द्वानी :** संभागीय परिवहन कार्यालय में एक व्यक्ति ने 0005 नंबर के लिए 4.11 लाख रुपए खर्च किये हैं। जबकि इसकी न्यूनतम बोली 25 हजार रुपये थी। आमतौर पर 0001 नंबर के लिए लोग सबसे अधिक रुपये खर्च करते हैं। लेकिन इस बार यह नंबर 1.72 लाख रुपये में बिका है। जबकि इसकी न्यूनतम बोली 1 लाख रुपये थी। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि परिवहन विभाग के यूके 04 नंबर के लिए नए सीरीज के लिए नंबरों की ऑनलाइन बोली लगाई गई थी, जिसमें 0005 सबसे महंगा बिका और 0001 नंबर 1.72 लाख रुपये में, जबकि 0007 और 0009 नंबर की न्यूनतम बोली 25 हजार रुपये थी जो दो-दो लाख रुपए में अलॉट हुए हैं।



नगर निगम सभागार में बैठक के दौरान मौजूद बैणी सेना की महिलाएं।

### अब कूड़ा कर नहीं देने पर कटेगा चालान

**हल्द्वानी :** नगर निगम सभागार में बुधवार को बैणी सेना की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कूड़ा कर पर चर्चा की गई। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि बैठक में 45 महिला समूहों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। सभी 60 वार्डों से कूड़ा कर नहीं देने की एक हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कई वार्डों में मकान मालिकों के शहर से बाहर रहने पर किरायेदार कूड़ा कर नहीं दे रहे हैं। कहा कि ऐसे लोगों को आखिरी बार सूचना देने के बाद उनका चालान काटा जाएगा। बैठक में बैणी सेना के कोऑर्डिनेटर मनोज नेगी, अनीता बोरा, दीपा बिष्ट, प्रभा खनका, भगवती बिष्ट, ऊषा भट्ट, सौरभ जोशी, दीपांशु जोशी मौजूद रहे।



हिमाचल प्रदेश में प्रचार करते भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### कैड़ा ने हिमाचल प्रदेश में कंगना के लिए मांगे वोट

**भीमताल :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा को हिमाचल प्रदेश में प्रचार की जिम्मेदारी मिली है। वह मंडी संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के लिए वोट मांग रहे हैं। विधायक कैड़ा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 1 जून को मतदान होना है। उन्होंने मंडी संसदीय सीट के अंतर्गत विधानसभा सीट सुन्दरनगर के डैहर, कपाही, भन्तेरहड़, मलोह समेत कई गांवों में बैठक कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। हिमाचल प्रदेश में टू लेन मोटर मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी सरकार की देन है। हिमाचल की जनता ने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है। उन्होंने विकसित भारत के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के पक्ष में मतदान की अपील की।

### पहले पोस्टल बैलेट फिर ईवीएम से होगी मतगणना

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त विश्राल मिश्रा ने बुधवार को नगर निगम सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि एमबीपीजी कॉलेज में 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। बताया कि 4 जून की सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। हालांकि पोस्टल बैलेट की गणना ऊधमसिंह नगर में होगी। इसके बाद ईवीएम-वीवीपैट से मतों की गिनती हल्द्वानी में होगी। जनपद की छह विधानसभा सीटों के लिए 84 मतगणना टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक विधानसभा सीट के लिए 14 टेबल होंगी। मतगणना में 378 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इनमें 144 मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, 114 मतगणना सुपरवाइजर और 120 मतगणना सहायक हैं।



उपनल कार्यालय में कर्मचारियों के साथ मौजूद प्रबंध निदेशक। ● अमृत विचार

### उपनल प्रबंध निदेशक ने सुनी कर्मियों की समस्याएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट ने हिमगिरी आदर्श नगर पीलीकोठी स्थित उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) कार्यालय का निरीक्षण किया। मुख्य परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने बताया कि कुमाऊं विश्व विद्यालय नैनीताल, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी, 132 केवी किच्छा, सिडकुल पंतनगर, वन विकास निगम हल्द्वानी और विद्युत कार्यालय खंड से मांग आने पर 66 हटाए गए सुरक्षा गार्डों में से 37 को उक्त विभागों में चयन हेतु भेजा गया है। प्रबन्ध निदेशक ने हटाए गए कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर भेजे जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और निदान का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान नारायण सिंह, महेश चन्द्र लोहनी, अनीता राणा, राजेन्द्र सिंह भण्डारी, पंकज मासीवाल, लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे।

# 50 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में बुधवार को सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें 50 से अधिक शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. विवेक पांडेय ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित करना संघ की जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने सेवानिवृत शिक्षकों को आगामी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने संघ को प्रतिवर्ष वरिष्ठ साथियों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। मुख्य शिक्षाधिकारी जगमोहन सोनी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अनुकरणीय हैं। जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक पुष्कर टम्टा ने सेवानिवृत शिक्षकों को सफल सेवा के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. हरीश जोशी, भैरव पलड़िया व डिंपल जोशी ने संगीतमय प्रस्तुति दी। संचालन नवीन पांडे व मीनाक्षी कीर्ति ने किया। इस अवसर पर नमिता पाठक, गिरीश जोशी, संजय वर्मा, संगीता जोशी, त्रिलोक बृजवासी, रश्मि पांडे, गिरीश कांडपाल, भुवन चंद्र मौजूद रहे।



कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक। ● अमृत विचार

### आरएस शारदा की स्मृति में होगा संगीत समारोह

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्वर संगम संगीत संस्थान व संगीत संकल्प अपने पूर्व संरक्षक व क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति स्व. आरएस शारदा की स्मृति में 1 जून को संगीत समारोह आयोजित कर रहा है।

कार्यक्रम में स्वर संगम वृंदगान दल के कलाकारों की प्रस्तुति के साथ ही देश के प्रतिभावान युवा बांसुरी वादक रविन्दर राजपूत, सितार वादक सौमेन्द्र गोस्वामी और देश के वरिष्ठ तबला वादक पं. अनूप घोष अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत मुख्य अतिथि होंगे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

**बदहाल व्यवस्था** दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति के लोगों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# महीनों से खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर फूटा गुस्सा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति वार्ड-37 में महीनों से खराब पड़ीं स्ट्रीट लाइटों को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लोगों ने कहा कि वार्ड की अधिकांश कॉलोनियों में कई माह से स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। उन्होंने कई बार लाइटों को ठीक करने के लिए नगर निगम में ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। स्ट्रीट लाइटों के खराब होने से रात के समय आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जंगल से सटा क्षेत्र होने के कारण रात के समय लोग भयभीत रहते हैं। बताया कि वार्ड में कुल 500 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। चौफुला चौराहा, मित्रपुरम, हल्दीखाल, बिठौरिया नंबर 2, हरिपुर शील व हरिपुर गांगू में दर्जनों लाइटें खराब पड़ी हैं। भाजपा नेता हृदयेश कुमार ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में वीरेंद्र बिष्ट, पंकज अधिकारी, अनिल सिंह, नितिन कुमार, अशोक कश्यप, मनीष बिष्ट शामिल रहे।



नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते दमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

### ईएसएल कंपनी के पास लाइटें ठीक करने का सामान नहीं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर के ज्यादातर वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लगा दी हैं। इन लाइटों को ठीक करने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया। मगर कंपनी लापरवाही से काम कर रही है। कई वार्डों में महीनों से स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जो अब तक सही नहीं हो पाई हैं। लोगों की शिकायतों के बाद जब नगर निगम के अधिकारियों ने कंपनी के गोदामों में जांच की तो पता चला कि कंपनी के पास स्ट्रीट लाइटें ठीक करने का सामान ही नहीं है। नगर निगम के विद्युत निरीक्षक डीएस परमार ने बीती 22 मई को कंपनी के हल्द्वानी स्थित दो गोदामों की जांच करने पर पता चला कि कंपनी के पास स्ट्रीट लाइटें ठीक करने के लिए जरूरी सामान नहीं है। इस पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कंपनी के प्रतिनिधि को बुलाकर जबाव मांगा। जिस पर कंपनी के प्रतिनिधि ने जल्द ही सामान पहुंचने की बात कही। बीते सोमवार को पुन: विद्युत निरीक्षक ने जांच की तो पता चला कि सामान अभी भी नहीं पहुंचा है। कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि पांच मोल्डेड केस सर्किट ब्रेकर और पांच बंडल तार आ था, जो मंगलवार को ही कम पड़ गया। परमान ने बताया कि कंपनी के गोदामों की जांच की जा रही है। सामान खत्म होने पर उन्हें सामान मंगाने के लिए कहा गया है।

## सार संक्षेप

### अस्पताल में पंखा नहीं चलने से परेशान हो रहे मरीज


सीएचसी में पंखा बंद होने से परेशान होते मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

**जसपुर।** गर्मी में वायरल फीवर, डायरिया व कई अन्य बीमारियों के कारण आजकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने के लिए काफी मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मरीजों की काफी भीड़ देखी जा रही है। दवा वितरण कक्ष के सामने लगा पंखा बंद होने के कारण लंबी कतार में लगे मरीजों व उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### समाज के बीच कैडर कैंप चलाने पर दिया जोर


जसपुर में बैठक करते डॉ. भीमराव अंबेडकर एकता मंच के पदाधिकारी।

**जसपुर :** डॉ. भीमराव अंबेडकर एकता मंच के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक बुधवार को जसपुर के संधू होटल में आयोजित की गई। इसमें संगठन के पदाधिकारियों ने कुछ अहम मुद्दों पर मंथन किया। पदाधिकारियों ने वर्तमान स्थिति को लेकर विशेष रूप से समाज के बीच कैडर कैंप चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि पूरे उत्तराखंड में बहुत ही जल्दी कैडर कैंप चलाया जाएगा। इस मौके पर संगठन के मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, प्रदेश प्रभारी से बहादुर सिंह , प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, शिवेंद्र कुमार , साबिर हुसैन व विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### बस्ती में महिलाओं को किया जागरूक


बस्ती में महिलाओं को जानकारी देती चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर :** जनपद ऊधमसिंह नगर में महिला कल्याण विभाग के तहत देखरेख एवं संरक्षक की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन संचालित है। जो 24 घंटे निःशुल्क आपातकालीन सेवा के साथ परामर्श सेवाएं देता है। इसी क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने बस्ती की महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बुधवार को चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम स्टेडियम के पास बस्ती में पहुंची। यहां टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को टोल फ्री नंबर 1098 के संबंध में जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बताया कि इस तरह की जानकारी अन्य बस्तियों में भी दी जाएगी। ताकि बस्ती की बालिकाएं जागरूक हो सकें।

### चकरपुर में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया


चकरपुर में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण करते भाजपा कार्यकर्ता।

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, चकरपुर व्यापार मंडल सहित जनप्रतिनिधियों और छात्रसंघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंडोर स्टेडियम के निर्माण का निरीक्षण किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी के नेतृत्व में स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने स्टेडियम की दीवार निर्माण में आ रही परेशानी को लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। पेयजल निगम द्वारा 18 करोड़ की लागत से चकरपुर में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को विभिन्न इंडोर खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने का एक मंच प्राप्त होगा। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाजवा, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना, रामनाथ शर्मा, विनोद उपाध्याय, पदम सिंह, सुमित वर्मा, अनुराग, कैलाश सिंह, चंदर आर्य, जगत सिंह, कार्की, चेतन शर्मा, शैलेश कुमार पांडे, रमेश पांडे, मेहताब राजा, भैरव दत्त पांडे आदि थे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्म (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्म (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# अब मोबाइल से घर बैठे कीजिए दूरदराज खेतों की सिंचाई

## ढाई लाख की मशीन पर उद्यान विभाग दे रहा 80 प्रतिशत तक सब्सिडी

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचारः** किसानों को सिंचाई के लिए खेतों पर रहकर अब रात भर जागने की जरूरत नहीं होगी। वह घर बैठे ही अपने मोबाइल के जरिये खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। यह कारनामा यूके की एक कंपनी ने कर दिखाया है। भारत में कनाडा की इस कंपनी का कार्य देख रहे पंतनगर विवि के पूर्व छात्र हरिंदर सिंह ने बताया कि यह इरीगेशन ऑफ टेक्नोलॉजी बेस्ड मशीन है, जिसको मोबाइल से संचालित किया जा सकता है।

हरिंदर ने बताया कि स्मार्ट सिंचाई तकनीक बूंद-बूंद सिंचाई को ऑटोमेटिक करने में मदद करती है। यह मशीन खेत की मिट्टी की नमी को जांचकर उसमें आवश्यकतानुसार पानी की आपूर्ति करती है। इस मशीन को मोबाइल पर कनेक्ट कर लेने से किसान कहीं भी बैठकर मशीन को संचालित कर सकता है। इसके अलावा यह मशीन रिमोट सेंसिंग के माध्यम से फसलों के रोगों और मृदा के स्वास्थ्य का अंदाजा लगाने में भी मदद करती है। इस मशीन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। जिस पर उद्यान विभाग 80 प्रतिशत तक सब्सिडी मुहैया करवा रहा है।



स्मार्ट सिंचाई तकनीक की खूबियां बताते हरिंदर सिंह। ● अमृत विचार

# प्याज की खुदाई और पत्तियों की कटाई एक साथ करेगी मशीन

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि विवि स्थित प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विभाग में प्राध्यापक डॉ. आरएन पटेरिया के मार्गदर्शन में एमटेक छात्र अर्जुन नाइक ने एक ऐसी मशीन ईजाद की है। जो प्याज की खुदाई और अनुपयुक्त पत्तियों की कटाई एक साथ करेगी। इस मशीन का पेटेंट भी दाखिल कर दिया गया है।

ट्रैक्टर चालित ओनियन डिगर विद टोपिंग मशीन के बारे में बताते हुए प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आरएन पटेरिया ने बताया कि इस मशीन का निर्माण नेशनल इनीशिएटिव फॉर सेटिंग अप ऑफ डिजाइन इनोवेशन सेंटर आईआईटी रुड़की के वित्तीय सहायता से पंतनगर विवि केंद्र पर किया गया है। यह मशीन लघु और सीमांत किसानों के लिए बेहद उपयोगी है। यह मशीन 15-25 हार्सपावर के ट्रैक्टर से संचालित होती है। इसकी सैद्धांतिक, वास्तविक और प्रक्षेत्र दक्षता क्रमशः 0.20 हेक्टेयर प्रतिघंटा, 0.17 हेक्टेयर प्रतिघंटा और 85 प्रतिशत है। बताया कि वैसे तो बहुत सी ओनियन डिगर बाजार में उपलब्ध हैं, लेकिन यह मशीन एक ही बार में प्याज की खुदाई और पत्तियों की कटाई एक साथ करती है। इससे मानवीय श्रम की बचत और ऊर्जा के खर्च में कटौती आएगी।


मशीन की जानकारी देते डॉ. आरएन पटेरिया।

### 10 हजार रुपये आई है मशीन में लागत

**पंतनगर :** डॉ. पटेरिया ने बताया कि मशीन को बनाने में ऐंगल, चैनल और लोहे के स्क्रैप का प्रयोग किया गया है। इसमें कटिंग व वेल्डिंग आदि पर लगभग 10 हजार रुपये का खर्च आया है। यदि इसको व्यावसायिक प्रयोग के लिए बनाया जाए, तो खर्च और कम किया जा सकता है।

# भाकियू की पंचायत में समस्याओं पर मंथन

**लामबंद**

▸▸ मछली ठेकेदारों के लिए तुमड़िया डैम का पानी छोड़ने का आरोप

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया।

भारतीय किसन यूनियन की मासिक पंचायत बुधवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभागार में आयोजित की गई। पंचायत के अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने तुमड़िया डैम के अधिकारियों पर नहरों के संचालन में मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डैम में ठेके पर मछली पालन होता है। जब ठेकेदारों को मछलियां पकड़नी होती हैं तो संबंधित अधिकारियों द्वारा नहरों में अनावश्यक रूप से पानी छोड़कर फिजूल बहा दिया जाता। इससे डैम का जलस्तर बहुत कम हो जाता है। जब किसनों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होती है तब किसानों को पानी नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि इस समय भी तुमड़िया डैम की नहर में अनावश्यक पानी छोड़ा गया है। कृषक सलाहकार समिति के ब्लॉक अध्यक्ष मुख्तियार सिंह घुम्मन ने किसानों को धान का बीज व जिंक निशुल्क वितरित किए जाने की जानकारी दी। पंचायत का संचालन भाकियू वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शीतल सिंह ने किया। इस मौके पर युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, भाकियू नगर अध्यक्ष अपार सिंह ,चौधरी किशन सिंह , दर्शन देओल, दीदार सिंह, जसवीर सिंह, प्रधान अमरजीत सिंह बाजवा ,मास्टर हरदेव सिंह, महाराज सिंह चौहान, सुखदीप सिंह सहोता आदि मौजूद रहे।


जसपुर में उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसान महाकुंभ के लिए बनाई रणनीति

**जसपुर।** मासिक पंचायत में आगामी 16, 17,18 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय महापंचायत ( किसान महाकुंभ ) सफल बनाने की रणनीति तय की गई। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय महापंचायत में पूरे राष्ट्र के किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। राज्य सरकारों व केंद्र सरकार को किसानों की समस्याओं को लेकर अलग-अलग ज्ञापन दिए जाएंगे।

### एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**जसपुर।** मासिक पंचायत के बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल को सौंपा। इसमें कहा गया कि नादेही चीनी मिल में पूर्णकालिक जीएम की नियुक्ति की जाए। जसपुर तहसील में कानूनगो की स्थायी नियुक्ति की जाए। किसानों के ट्यूबवेलों के खराब पड़े ट्रांसफार्मर शीघ्र ठीक किए जाएं। पतरामपुर में 2023 में अतिक्रमण के नाम पर जिन लोगों के मकान व दुकान तोड़े गए थे, उन्हें न्याय दिलाया जाए और उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रशासन से किसानों की सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा है। चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# पशुपालन में अधिक मुनाफे को पशुओं को रखें कृमि मुक्त

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** राजकीय पशु चिकित्सालय शांतिपुरी में कृमि मुक्त पशुपालन विषय पर बुधवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जागरूक पशुपालकों को पशुओं के पेट में पनपने वाले कीड़ों से होने वाली हानि एवं इसकी रोकथाम के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

पशुपालकों को संबोधित करते हुए स्थानीय पशु चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आलोक जोशी ने बताया कि पशुओं में पनपने वाले विभिन्न प्रकार के कीड़ों की वजह से पशु न केवल कमजोर होते हैं बल्कि इसका दुष्प्रभाव पशुपालकों की आमदनी पर भी पड़ता है।

उन्होंने पशुपालकों को अस्पताल की ओर से कृमि नाशक दवाइयां दीं। इस दौरान प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, तारा सिंह कोरंगा, फार्मासिस्ट अजय आर्य, आरके पंत, बीएस कोरंगा, समय कुमार, रतन सिंह दानू, किसन राम आर्या मौजूद रहे।


राजकीय पशु चिकित्सालय में पशुपालकों को कृमिनाशक बांटते डॉ. आलोक जोशी।



अलविदा तनाव शिविर में देवी देवताओं के स्वरूप में बच्चे। ● अमृत विचार

### शिविर में मनाया अलौकिक जन्मोत्सव

**काशीपुर :** परमपिता परमात्मा की लोग कितनी महिमा गाते हैं तो जरूर उन्होंने इस सृष्टि में आकर कोई दिव्य कर्तव्य किया होगा। यह बात इंदौर से पधारी प्रख्यात तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने ब्रह्माकुमारी काशीपुर में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर के सातवें दिन के सत्र "परमात्मा का अवतरण" विषय के अंतर्गत कही। इस दौरान अलौकिक जन्मोत्सव मनाया और सभा में देवी देवताओं के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। इससे सबको महसूस हुआ जैसे परमात्मा के सुख, शांति, प्रेम, आनंद की वर्षा हो रही है।

# बिजली कटौती पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अघोषित विद्युत कटौती और बिजली के बढ़े हुए बिलों की शिकायत करते हुए इन्हें ठीक करने की मांग की है।

सेवादल के जिला महामंत्री माधव चंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि खटीमा क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है जबकि इन दिनों भीषण गर्मी से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। यह भी कहा कि बिजली के बिल बहुत अधिक बढ़कर आ रहे हैं। इससे आम जनता को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चेतावनी दी है कि यदि विद्युत कटौती इसी तरह जारी रही तो वह विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में पंकज टम्टा, राज किशोर सक्सेना, रवि अग्रवाल, विनोद चंद, सोहेल, गौरव, आकाश, मनोज, तौकीर अहमद, रेहान अंसारी, मो आजम, मो जुनेद, बाबू आदि शामिल थे।


खटीमा में विद्युत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बच्चों को गर्मी से बचाने के टिप्स दिए

**खटीमा :** आंगनबाड़ी केंद्र भिलैया में आयोजित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में डॉ. शैलजा ने भीषण गर्मी के मौसम में बच्चों को गर्मी से बचाने के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दी। कहा कि गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम गलती से आरती देवी हो गया है। जिसे सुधार कर उसका असली नाम आरती कर दिया जाए।
आर्मी नंबर 3206532H
नायक संजीत कुमार

# प्रकाश अध्यक्ष और शुभम बने सचिव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पूर्वी रुद्रपुर बगवाड़ा सहकारी समिति में सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान यूनियन की नई कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रकाश जोशी एक बार फिर से यूनियन के अध्यक्ष बनाए गए और सितारगंज के शुभम त्यागी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बुधवार को बगवाड़ा सहकारी समिति में यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इसमें नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अध्यक्ष और सचिव के साथ ही दिनेशपुर के राजवीर सिंह यादव को उपाध्यक्ष, काशीपुर के हरीश जोशी को कोषाध्यक्ष, जसपुर के सुरेंद्र पाल सिंह को उप सचिव बनाया गया। इस दौरान यूनियन के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रकाश जोशी और सचिव शुभम त्यागी ने सभी कर्मचारियों एकजुट होने की अपील की। नयी कार्यकारिणी में चुने गये पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश जोशी, रमन चौधरी, शुभम चौधरी, दिलजीत सिंह, पंकज अरोरा, राज कुमार शर्मा, दलजिंदर सिंह, सचिन कुमार, ऋषभ शर्मा, लक्ष्मण सिंह, चेतन बमेठा, बलवंत रावत, लोकेश भट्ट, सतीश जोशी, इकबाल अहमद, पंकज कश्यप, रवि सागर, प्रकाश पनेरु आदि मौजूद रहे।


जीत के बाद समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पंत पार्क के पास अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**काशीपुर :** एक युवक का शव स्टेशन रोड स्थित पंत पार्क में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने बिसरा जांच के लिए भेज दिया है। मोहल्ला कटरामालियान निवासी राजेश कुमार (30) पुत्र मोतीराम शराब पीने का आदी था। वह पार्क रोड पर खान-पान का ठेला लगाता था। बुधवार की सुबह उसका शव स्टेशन रोड स्थित पंत पार्क में पड़ा मिला। 112 की सूचना पर पहुंचे एसआई हरेंद्र सिंह पड़लिया ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बहन ने उसके शव की शिनाख्त की। पुलिस ने अत्यधिक शराब के सेवन से उसकी मृत्यु होने की संभावना जताई है। मृतक का बिसरा जांच के लिए भेजा गया है।

### अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 60 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र में गश्त के दौरान खरमासी पुलिया के पास एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा। तलाशी लेने पर पुलिस को युवक के कब्जे से 60 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुईखेडी गदरपुर निवासी सुरेंद्र सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रुद्रपुर ईएसआई कार्यालय से बाइक चोरी

**पंतनगर :** कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर निवासी देव स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 मई की सुबह लगभग 11 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूके 06/एपी 7139 से अटरिया मंदिर के निकट ईएसआई कार्यालय गया था। उसने अपनी बाइक कार्यालय के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की और अंदर चला गया। लगभग एक घंटे बाद जब वह वापस आया तो वहां से उसकी बाइक गायब थी। बाइक उसके ससुर कृष्ण पाल के नाम पंजीकृत है। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### निधन पर शोक व्यक्त किया

**जसपुर :** जसपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित परिणय वाटिका बैंक्वेट हॉल में स्थानीय पशुपति इंडस्ट्रीज के स्वामी अवनीश गहलौत की माता मूर्तिदेवी की तेरहवीं रस्म पगड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# घर में घुसकर हमला करने वालों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

- मामला घास मंडी आदर्श कॉलोनी का, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी घास मंडी में घर में घुसकर हमला करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आदर्श कॉलोनी घास मंडी वार्ड-36 निवासी शांति विश्वास ने बताया कि उसका पड़ोसी कांति अधिकारी के साथ पैसों का लेनदेन का मामला चल रहा था। तकादा करने से आरोपी रंजिश रखने लगा। आरोप था कि 25 मार्च 2024 को होली के दिन आरोपी अपनी बेटी बबली अधिकारी, पूनम अधिकारी, सोल, सुधीर दास के साथ एक राय होकर जबरन घर में घुसे और अभद्रता करते हुए लोहे की राड और लाठी डंडों से हमला शुरू कर दिया। इसमें उसकी बेटियां भी घायल हो गईं। परिजनों ने किसी तरह डायल 100 पर सूचना दी। सूचना पर मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम कठर्रा गऊघाट का मामला, जान बचाने के लिए मस्जिद के कमरे में इमाम ने खुद को किया बंद

# इमाम पर हमला, बीच बचाव को आए दो युवकों को पीटा

संवाददाता, किच्छा

**विवाद**

- इमाम को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीण कर रहे विरोध
- इमाम के समर्थन एवं विरोधी पक्ष आए आमने-सामने

**अमृत विचार:** ग्राम कठर्रा गऊघाट में मस्जिद के इमाम को हटाने की मांग को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इस दौरान इमाम के समर्थक और विरोधी पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विरोधी पक्ष के करीब तीन दर्जन लोगों ने इमाम पर हमला बोल दिया। बीच बचाव को आए दो युवकों के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की। इस दौरान मस्जिद के इमाम ने खुद को कमरे में बंद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। एक पक्ष ने चौकी पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पूरे मामले को लेकर गांव के गणमान्य नागरिकों द्वारा पंचायत के माध्यम से विवाद को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

पूरा मामला कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म चौकी क्षेत्र से जुड़े ग्राम कठर्रा गऊघाट का है। बताया जा रहा है कि ग्राम स्थित जामा मस्जिद के इमाम से नाराजगी जताते हुए एक ग्रामीण तथा उसका परिवार लंबे समय से मस्जिद में नमाज पढ़ने नहीं पहुंच रहा था। ग्रामीण की नाराजगी का मामला जब मस्जिद के इमाम के संज्ञान में आया तो उन्होंने गांव में रहने से इनकार करते हुए अन्य क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई। ग्रामीणों के अनुसार इमाम द्वारा मस्जिद कमेटी के सामने अन्य क्षेत्र में जाने की इच्छा जताते हुए अपना बकाया हिसाब करने का निवेदन किया गया। ग्रामीणों के अनुसार मस्जिद के इमाम द्वारा गांव छोड़ने के लिए अपने सामान की पैकिंग कर ली गई। इसी बीच गांव के कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें रोकने का प्रयास कर गुरुवार को जाने का आग्रह किया। आरोप है कि इसी दौरान इमाम के विरोधी पक्ष के करीब तीन दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए और इमाम के साथ गाली-गलौज कर उन पर हमला करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद दो युवकों के साथ भी मारपीट की। इसके बाद इमाम ने खुद को मस्जिद के कमरे में बंद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली तथा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे लोगों को तितर बितर किया। इस बीच घटना में घायल युवक को उपचार के लिए किच्छा ले जाते हुए दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गए।

मौके पर मौजूद गणमान्य ग्रामीणों द्वारा बमुश्किल मामले को शांत कराया गया। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने मस्जिद के इमाम सहित तमाम ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके बयान दर्ज किए और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। घटना में घायल युवक का उसके घर पर ही इलाज चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ तमाम लोगों द्वारा पंचायत के माध्यम से विवाद को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हरिनगर में स्टोन क्रशर बंद करने की मांग पर ग्रामीणों ने दिया धरना

### स्टोन क्रशर को मानकों के विरुद्ध खोलने का लगाया आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुखर**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के ग्राम हरिनगर में लग रहे स्टोन क्रशर को बंद कराने को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर क्रशर को जल्द बंद कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने क्रशर को फर्जी प्रपत्रों के माध्यम से शुरू करने का भी आरोप लगाते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

काशीपुर के ग्राम हरिनगर में एक नया स्टोन क्रशर बन रहा है। बुधवार को ग्रामीण क्रशर को मानकों के विरुद्ध बताते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान ग्रामीणों ने स्टोन क्रशर स्वामी व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि मानकों के अनुसार कोई भी स्टोन क्रशर आबादी क्षेत्र से तीन सौ मीटर दूर होना चाहिए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्टोन क्रशर स्वामी ने तीन सौ मीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों के झूठे प्रपत्र बनाएं हैं। धरने के बाद ग्रामीणों ने स्टोन क्रशर को बंद करने की मांग को लेकर एसडीएम अभय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार को भी ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई। जिस पर उन्होंने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। धरने पर बैठे लोगों में रोहित, जलसिंह, वेद प्रकाश, राजेंद्र, प्रीतम, बबलू, जयपाल, अजीत, चंद्रावती, श्यामा देवी, उषा देवी, दया देवी, रामो देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



हरिनगर में भाजपा नेता राजेश कुमार को अपनी समस्या बताते स्टोन क्रशर के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**पहले भी लग चुकी है क्रशर पर रोक**

**काशीपुर :** ग्रामीणों ने बताया कि स्टोन क्रशर स्वामी नियमों को नजरअंदाज कर क्रशर को शुरू कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्रशर के 110 मीटर की दूरी पर स्पोर्ट्स एकेडमी भी मौजूद है। बताया कि पूर्व में भी हरिनगर क्षेत्र में बन रहे स्टोन क्रशर पर मानकों के विरुद्ध कार्य करने को लेकर रोक लग चुकी है।

हरिनगर क्षेत्र में स्टोन क्रशर के खिलाफ ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है। जिसे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर नियमानुसार व आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
**-अभय प्रताप सिंह, एसडीएम, काशीपुर।**

### किशोरी से विवाह करने पर आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर:** फर्जी आधार कार्ड बनाकर एक किशोरी के साथ विवाह पंजीकृत कराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रारंभिक जांच के बाद पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

प्रतापपुर चौकी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हिमाचल में रहता है। उसकी 15 वर्षीय पुत्री प्रतापपुर में दादा दादी के पास रहती है। 26 अप्रैल, 2024 को उसकी पुत्री को ललितपुर हल्दुआ, रामनगर निवासी हिमांशु बहला फुसलाकर भगा ले गया और फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर उप निबंधक कार्यालय में उसके साथ विवाह पंजीकृत करा लिया। आरोप है कि हिमांशु ने फर्जी आयु प्रमाण पत्र के आधार पर हाईकोर्ट से सुरक्षा प्राप्त कर ली। किशोरी पक्ष की आपत्ति पर हाईकोर्ट ने पुलिस को संलग्न प्रमाण पत्रों की जांच करने के आदेश दिए। किशोरी के पिता का कहना है कि शैक्षिक प्रमाण पत्रों में किशोरी की जन्मतिथि 15 अप्रैल, 2009 है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसके बयान दर्ज कराए। प्रतापपुर चौकी प्रभारी एसआई नीमा बोहरा ने बताया आरोपी हिमांशु के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# सिपाहियों पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 25 मई को रंपुरा चौकी में तैनात सिपाहियों पर पथराव और हाथापाई करने के चार हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से दो तमंचे भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पकड़े गए दो आरोपी नाबालिग हैं।

बुधवार को सीओ सदर निहारिका तोमर और कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 25 मई को डायल 112 पर मिली दो भाइयों में झगड़े की सूचना के आधार पर चीता मोबाइल में तैनात रंपुरा चौकी के सिपाही गणेश सिंह धानिक और पूरन राम मौके के लिए रवाना हुए। जब वे सत्ता चौक पर पहुंचे तो वहां कुछ युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हुए थे। आरोप था कि जब सिपाहियों ने टोका तो युवकों ने सिपाहियों से हाथापाई कर पथराव शुरू कर दिया। इसमें सिपाही गणेश सिंह धानिक चोटिल हो गए।

पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली और रंपुरा चौकी की संयुक्त टीम ने बस्ती से सोनू खत्म, दीपक कोली उर्फ टांडा को 315 बोर एवं .38 बोर के तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो विधिक विरुद्ध किशोरों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हमलावरों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जब पुलिस ने सोनू खत्म का आपराधिक इतिहास निकाला तो पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ रुद्रपुर कोतवाली इलाके में 12 से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

# बीमा कंपनी को भुगतान करने के आदेश दिए

**निर्णय**

- स्थायी लोक अदालत ने दिए आदेश, हेल्थ पॉलिसी से इलाज कराने का है मामला



संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** स्थायी लोक अदालत ऊधमसिंह नगर ने बीमा कंपनी को स्वास्थ्य बीमा राशि के मामले में सुनवाई के बाद बीमा धारक को 64147 रुपये का भुगतान एक माह के अंदर करने का आदेश पारित किया है।

राजकुमार ने विगत दिनों अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र स्थाई लोक अदालत में प्रस्तुत किया था। इसमें उन्होंने बताया कि नीवा बूपा हेल्थ बीमा कंपनी से उनके द्वारा एक हेल्थ पॉलिसी ली गई थी। इस बीच प्रार्थी का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था। पेट संबंधित बीमारी होने के कारण अस्पताल में उसने इलाज कराया। इसमें उसका 64147 रुपये खर्च हुआ।

बीमा धारक का आरोप था कि जब उसने बीमा कंपनी से इलाज में खर्च हुए भुगतान की भरपाई करने को कहा तो बीमा कंपनी ने इलाज में खर्च हुई धनराशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से स्थाई लोक अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, सदस्य अर्चना पीयूष पंत और अब्दुल नसीम ने मामले की सुनवाई करते हुए बीमा कंपनी को एक माह के भीतर 64147 रुपए प्रार्थी को भुगतान करने का आदेश पारित किए हैं।

**चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा**

**काशीपुर :** चेक बाउंस के एक मामले में एसीजे द्वितीय की अदालत ने आरोपी को तीन माह की सजा व 2.40 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बाजपुर रोड स्थित तुषार कंस्ट्रक्शन के पार्टनर तुषार अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया था कि शाहजहांपुर निवासी प्रशांत कुमार बाजपुर रोड स्थित एक फैक्टरी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। प्रशांत ने उसकी फर्म से समय-समय पर उधार लिया था। 27 फरवरी, 2020 को उसने आईडीबीआई का दो लाख रुपए का चेक दिया था, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। परिवादी की ओर से पैरवी अमरीश अग्रवाल एड.ने की। दोनों पक्षों को सुनकर द्वितीय एसीजे चेतन सिंह गौतम ने आरोपी प्रशांत को तीन माह के कारावास व 2.40 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा

**हड़कंप**

- पत्नी के लौट आने के बाद युवक को समझाकर नीचे उतारा
- युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट में किया चालान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज वैशाली कॉलोनी निवासी एक युवक हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर खड़ा देख आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को किसी तरह नीचे उतारकर हिरासत में लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट में चालान करने की कार्रवाई की है।

बुधवार को आईटीआई थाना क्षेत्र की वैशाली कालोनी निवासी रवि सिंह के घर उसकी सास आई हुई थी। रवि का किसी बात को लेकर अपनी सास के साथ विवाद हो गया। इस पर उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई। पत्नी के घर छोड़कर जाने से नाराज रवि हाईटेंशन विद्युत लाइन के टावर पर चढ़ गया। यह देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आईटीआई थाने के एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट, एएसआई पुष्कर बिष्ट, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह नेगी व प्रभाष सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रवि को समझाकर उसे नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन वह अपनी पत्नी को बुलाने की जिद पर अड़ा रहा। इस दौरान वह अपनी भड़ास भी निकालता रहा। पुलिस ने जैसे-तैसे उसकी पत्नी को खोज कर मौके पर बुलाया। पत्नी के आग्रह पर युवक टावर से नीचे उतरा। एसआई प्रकाश बिष्ट ने बताया कि पूछताछ के बाद उसका 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।



टावर पर चढ़ा युवक। ● अमृत विचार

**पहल** — जून में ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल होगा शुरू, दो बड़े नाले कैलाश मंडप व लक्ष्मीपुरी की गंदगी को साफ किया जाएगा

# सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को अक्टूबर तक खोलने की तैयारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में जल्द ही जल निगम सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू करने जा रहा है। इसके लिए जल निगम ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। साथ ही जून में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल भी शुरू कर दिया जाएगा। ट्रायल के बाद काशीपुर के दो बड़े नाले कैलाश मंडप व लक्ष्मीपुरी की गंदगी को साफ किया जाएगा। प्लांट से निकले साफ पानी को ढेला नदी में छोड़ा जाएगा।

2017 में काशीपुर में नालों के गंदे पानी को साफ करने के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को बनाने की मंजूरी शासन से मिली थी। जिसके लिए शासन से 37 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट मिला था। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो चुका है। जल्द ही दूषित पानी को साफ करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पहले जून से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल शुरू किया जाएगा। ट्रायल के बाद अक्टूबर तक सीवर प्लांट को शुरू कर दिया जाएगा।



काशीपुर में बना सीवर ट्रीटमेंट प्लांट। ● अमृत विचार

सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो चुका है। प्लांट को शुरू करने से पहले जून में इसका ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के बाद अक्टूबर माह तक प्लांट को शुरू कर दिया जाएगा।
**-शिवम् द्विवेदी,** अधिशासी अभियंता, जल निगम



**कार्यदायी संस्था करेगी ट्रायल का कार्य**

**काशीपुर :** जल निगम से मिली जानकारी के अनुसार, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को बनाने वाली कार्यदायी संस्था प्लांट का ट्रायल करेगी। प्लांट में कैलाश मंडप व लक्ष्मीपुरी के नाले के दूषित पानी को साफ किया जाएगा। साफ किए पानी की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। जांच के बाद दूषित पानी को साफ कर पीने योग्य बनाया जाएगा। बाद में साफ पानी को ढेला नदी में छोड़ा जाएगा।

**प्लांट से क्या मिलेगा लाभ**

**काशीपुर :** घरों, फैक्टरी, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सीवेज और नाले-नालियों के दूषित पानी को ढेला नदी में छोड़ा जा रहा है, जो कि आगे जाकर गंगा नदी में मिलकर गंगा को प्रदूषित कर रहा है। इसकी सफाई के लिए एसटीपी बनाया जा रहा है। विभाग के एई शशिपाल सिंह चौहान ने बताया कि प्लांट बनने के बाद शहर के नाले-नालियों से निकलने वाले प्रदूषित पानी और सीवेज का यहां उपचार किया जाएगा। इसके बाद यहां से निकलने वाला साफ पानी नहर में सिंचाई के लिए छोड़ा जाएगा जबकि उपचार करके सीवेज की खाद बनाई जाएगी। यह किसानों को निशुल्क दी जाएगी।

### शांतिपुरी सूर्यनगर के मध्य पुल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू



**शांतिपुरी :** सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूर्यनगर व शांतिपुरी के मध्य सिडकुल को जोड़ने वाले गौला नदी पुल निर्माण की ई-टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गौला नदी पुल निर्माण को लेकर उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने चुनावी घोषणा की थी। सरकार में मंत्री बनने के बाद उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मुख रखा। जिन्होंने पुल निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर शासन से विगत 16 मार्च 2024 को टोकन मनी 38.15 लाख की पहली किस्त जारी कर क्षेत्रवासियों को खुशियों भरी सौगात दी। आज 250 मीटर स्पान पुल के निर्माण कार्य के लिए ई टेंडर डाले जा रहे हैं।

# पंतनगर को पालिका में शामिल करने का विरोध

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि विवि परिसर को नवगठित नगला नगरपालिका में शामिल करने का पंतनगर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) ने विरोध किया है। उन्होंने राज्यपाल को पत्र लिखकर विवि परिसर को नगरपालिका में शामिल नहीं करने का अनुरोध किया है।

पूटा ने पत्र में कहा कि सर्वविदित है कि पंतनगर विवि विश्व में अपनी कृषि शिक्षा, शोध और प्रसार के लिए विख्यात है। उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रस्तावित नगर पालिका नगला, जिसमें पंतनगर विवि परिसर एवं उसकी समस्त इकाइयों को भी शामिल किया गया है। इसके 20 वार्डों में से लगभग 15 वार्ड विवि क्षेत्र में ही प्रस्तावित हैं। जोकि विवि की गरिमा और उसके योगदान को ध्यान में रखते हुए तर्क संगत नहीं है। इससे छात्रों शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व श्रमिकों सहित समस्त परिसरवासियों में विवि की स्वायत्तता को लेकर असंतोष व्याप्त है। यहा पर नगरपालिका के रहने से कई प्रकार की राजनैतिक गतिविधियां निरंतर होती रहेंगी। इससे शिक्षा, शोध एवं प्रसार में व्यवधान उत्पन्न होगा। इसलिए अनुरोध है कि पंतनगर विवि परिसर के भीतर उसकी समस्त इकाइयों को प्रस्तावित नगरपालिका नगला से बाहर रखा जाए।

## एक नजर

### किसानों को धान के उन्नतशील बीज बांटे

**जसपुर :** किसानों को धान की उन्नतशील प्रजातियों का बीज निशुल्क वितरित किया गया। सहायक कृषि विकास अधिकारी वर्ग- एक ओमपाल सिंह ने मेघावाला स्थित कृषि विभाग के न्याय पंचायत किसान सेवा केंद्र पर किसानों को धान की उन्नतशील प्रजाति पीआर -113 व पीआर-129 का 10-10 किलोग्राम बीज वितरित किया। साथ ही संबंधित किसानों को 5-5 किलोग्राम जिंक भी वितरित की गई। उन्होंने किसानों को इन उन्नतशील प्रजातियों की विशेषताओं व उनकी उपज आदि की पर्याप्त जानकारी दी। उन्होंने धान की रोपाई के लिए नर्सरी बोने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।


ओमपाल सिंह।

### आज स्थानीय पत्रकारों को किया जाएगा सम्मानित

**जसपुर :** रेडक्रॉस सोसाइटी, जसपुर व आध्यात्मिक सेवा संस्थान, बाजपुर द्वारा संयुक्त रूप से हिंदी पत्रकारिता दिवस पर 30 मई को स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम शर्मा सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन पुराना पोस्ट ऑफिस रोड स्थित उनके संस्थान पर दोपहर 12 :00 बजे आयोजित किया जाएगा।


हरिओम सिंह।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**काशीपुर :** काशीपुर में एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। काशीपुर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर कहा कि उसकी 20 वर्षीय बेटी को 25 मई को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### एड ऑन कंप्यूटर कोर्स शिविर एक जून से

**किच्छा :** राजकीय महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक जून से बेसिक कंप्यूटर का ऐड ऑन कोर्स महाविद्यालय परिसर में शुरू किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने बताया कि बताया कि कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को महाविद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

## फायर लाइन से झाड़ियां साफ कर सफारी का बनाया जा रहा रास्ता, आसानी से हो जाते हैं वन्यजीवों के दीदार

# फाटो जोन के नए रास्तों पर लीजिए सफारी का आनंद

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन वन्य जीवों को देखने के लिए पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। जोन में पर्यटकों को बाघ, गुलदार, हाथी समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार आसानी से हो रहे हैं। इसके चलते फाटो जोन 30 मई तक बुक हो चुका है। फाटो जोन में पर्यटकों की बढ़ती तादाद को देखते हुए वन अधिकारियों ने इस जोन के दायरे में नए रास्तों पर जंगल सफारी कराने का निर्णय लिया है। वन विभाग ने नए रास्तों की साफ-सफाई का कार्य भी शुरू कर दिया है। इसके बाद पर्यटक इन नए रास्तों पर भी जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे।



तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन का प्रवेश द्वार। ● अमृत विचार

जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटे तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन में शुरुआत से ही पर्यटकों को वन्यजीवों के आसानी से दीदार हो रहे हैं। जिस कारण यह जोन पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। आए दिन पर्यटकों की बढ़ती संख्या व पर्यटकों को आसानी से वन्य जीवों के दीदार होने के उद्देश्य से वन विभाग ने उच्च अधिकारियों को इस जोन में सफारी के लिए नए रास्तों को बढ़ाने के लिए अनुरोध पत्र भेजा था। इसकी मंजूरी मिलने पर विभाग ने फाटो जोन के दायरे में फायर लाइन के रास्तों को साफ कर उनको भी जंगल सफारी के लिए प्रयोग में लाने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे पर्यटक नए रास्तों पर भी जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। इन रास्तों पर ट्रायल शुरू किया जा चुका है। ट्रायल खत्म होने के बाद इन रास्तों को सफारी के लिए खोल दिया जाएगा।

### फायर लाइन को साफ कर बनेंगे नए रास्ते

**काशीपुर :** डीएफओ के अनुसार फाटो जोन में अभी 30 किलोमीटर के दायरे में जंगल सफारी होती है। इस क्षेत्रफल में कुछ रास्ते फायर लाइन के भी हैं। इनकी साफ-सफाई कर उनको पर्यटकों के लिए जंगल सफारी के लिए खोला जा रहा है। पर्यटकों को नए रास्तों पर सफारी होने से वन्यजीवों के दीदार में आसानी होगी। वही नए रास्तों पर जंगल सफारी को लेकर पर्यटक भी उत्साहित हैं।



“फाटो जोन के सफारी के निर्धारित क्षेत्रफल में ही करीब पांच किलोमीटर के नए रास्ते खोलने की तैयारी की जा रही है। यह नए रास्ते फायर लाइन को साफ कर बनाएं जा रहे है। जिसके लिए विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। पहले इन रास्तों पर ट्रायल किया जाएगा। उसके बाद पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।
**-पीसी आर्या, डीएफओ,** तराई पश्चिमी वनप्रभाग।

# मतगणना के लिए आवंटित कार्यों का निष्पक्ष व कुशल संचालन करें

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- **सुपरवाइजर, मतगणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

**14** -14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी और 50 टेबलों पर ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी और 34 टेबलों पर पोस्टल बैलेट की मतगणना की जाएगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए आवंटित कार्यों का निष्पक्ष और कुशल संचालन कर अपनी योग्यता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शंका हो तो प्रशिक्षण सत्र के दौरान ही उसका समाधान कर लें। ताकि मतगणना दिवस पर किसी भी प्रकार की समस्या अथवा त्रुटि न हो। मतगणना सीसीटीवी की नजर में होगी।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह निर्देश विकास भवन सभागार में आयोजित सुपरवाइजर, मतगणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर की दो दिवसीय मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण मतगणना है जो अति महत्वपूर्ण है इसलिए मतगणना कार्मिकों को निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न कराएं। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी और उसके आधे घंटे बाद ईवीएम की मतगणना प्रारंभ होगी। इसलिए सभी कार्मिक सुबह 6 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचें।


प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतगणना की जाएगी और 50 टेबल में ईटीपीबीएस की स्कैनिंग होगी और 34 टेबलों में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जाएगी।

इस दौरान सभी कार्मिकों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कैरिंग केस व कंट्रोल यूनिट की सील खोलने से पहले सभी टैग चेक करने को कहा। साथ ही आगे की प्रक्रिया ईवीएम से मतगणना व संबंधित जरूरी प्रपत्रों को भरने संबंधी प्रशिक्षण देने के साथ ही वीवीपैट मशीन से पर्चियों की गणना का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नोडल प्रशिक्षण व नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सहायक नोडल प्रशिक्षण व परियोजना निदेशक अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी गोपाल खाती का ललपुरी आवास पर निधन

**दिनेशपुर, अमृत विचार:** वरिष्ठ समाजसेवी आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ के पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह खाती (72) का लंबी बीमारी के बाद उनके निवास ललपुरी में निधन हो गया। गोपाल सिंह खाती सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वह लगातार दो बार तराई की प्रसिद्ध आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ के अध्यक्ष रहे। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व दो पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निवास ललपुरी में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी अंत्येष्टि चित्रशिला घाट रानीबाग हल्द्वानी में हुई। उनकी चिता को उनके पुत्र सचिन खाती व गणेश खाती ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान, पूर्व सूबेदार उत्तम सिंह धर्मशक्तू, सचिन राणा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, चंद्रमणि देवराड़ी, राजेंद्र सिंह मेहरा, विनोद मेहरा, प्रेम सिंह कोरंगा, गोविंद सिंह चौहान, वरुण शाह आदि उपस्थित थे।


गोपाल सिंह खाती।

## सार-संक्षेप


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सर्वे अमीन पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सितारगंज :** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सर्वे अमीन पर किसानों से अभद्रता करने के मामले में डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि सर्वे अमीन ने किसान के बैंक बकाया को लेकर उससे अभद्रता की और व्हाट्सएप के माध्यम से गैर संवैधानिक व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार की हम कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने सर्वे अमीन का स्थानांतरण कर विभागीय कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सर्वे आमीन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, अर्जुन, लालचंद, श्याम सुंदर, विजय, वीरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि शामिल थे।


जसपुर में लकड़ी मंडी चौराहे के पास राहगीरों को शरबत पिलाते मिनी ट्रक चालक।

### छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया

**जसपुर :** भीषण गर्मी के दौरान बुधवार को स्थानीय मिनी ट्रक चालकों ने जसपुर के लकड़ी मंडी चौराहे के पास छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर फिरोज, आदिल, सलीम, कपिल, असरफ, सैफ अली, आलम, शाहनवाज, आलम, राशिद, नदीम, वसीम आदि मौजूद रहे। पुराना सिनेमा हॉल रोड स्थित नूरी मस्जिद तथा नगर के जसपुर-भूतपुरी मार्ग पर ठाकुर द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड के पास भी आसपास के दुकानदारों ने सामूहिक रूप से छबील लगा कर राहगीरों को शरबत पिलाया।


समर कैंप शिविर के समापन पर विद्यार्थियों के साथ मौजूद प्रबंधक व अन्य।

### कृष्णा पब्लिक कॉलेज के प्रांगण में समर कैंप का समापन

**काशीपुर :** कृष्णा पब्लिक कॉलेजिएट में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप शिविर का समापन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, कला, बैडमिंटन आदि क्षेत्र में अपनी प्रतिभाएं दिखाईं। खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और फुटबॉल में भी बच्चों का खूब जोश दिखा। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी और रिफ्रेशमेंट पार्टी का आयोजन भी किया गया। स्कूल के प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार सक्सेना ने विद्यार्थियों को इसी तरह से स्कूल की सभी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद चंद तिवारी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



गुरुकुल विद्यालय में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाते प्रबंधक चमन भाटिया।

### गुरुकुल विद्यालय की आर्मी विंग ने किया नाम रोशन

**किच्छा :** गुरुकुल विद्यालय में सत्र 2023- 24 के आर्मी विंग एस डी/ एस डबल्यू का बी सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया। इस दौरान 5 कैडेट्स ने ए ग्रेड, 17 कैडेट्स ने बी ग्रेड तथा एक कैडेट्स ने सी ग्रेड से परीक्षा उत्तीर्ण की। गुरुकुल विद्यालय के प्रबंधक डॉ चमन भाटिया और एएनओ लेफ्टिनेंट अवधेश कुमार ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम का श्रेय कैडेट्स के अथक परिश्रम, अनुशासन को दिया है।

### गुरुग्राम से पहुंची साइबर सेल की टीम ने युवक से की पूछताछ

**बाजपुर :** साइबर क्राइम के एक मामले की जांच कर रही गुरुग्राम हरियाणा की साइबर सेल की एक टीम बुधवार की सुबह बाजपुर पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से शक के आधार पर एक युवक को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया है जिससे कोतवाली में गहनता से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि गुरुग्राम हरियाणा में किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी हुई थी जिसकी जांच कर रही वहां की साइबर सेल को पता चला कि एक संदिग्ध बैंक खाते से अचानक लगातार लाखों रुपये का ट्रांजक्शन हुआ है। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि जिस युवक के नाम से यह खाता है वह उत्तराखंड के बाजपुर के अंतर्गत गांव बाजपुर का रहने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके पहचान वाले दो अन्य युवकों द्वारा कुछ दिन पहले उसके कागजात लेकर इस खाते को खुलवाया गया था और वही इस बैंक खाते का संचालन भी कर रहे हैं। उसे इतने पैसों का ट्रांजक्शन अचानक खाते से होने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने उसके दोस्तों को भी पूछताछ के लिए बुला है। इस मामले में गुरुग्राम व स्थानीय पुलिस कुछ भी बताने से कतरा रही है। इधर युवक के परिवार के लोग भी कोतवाली पहुंच गए। युवक नगर क्षेत्र में ही एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है।


बाजपुर में बेरिया रोड स्थित एक खाली प्लॉट में उगी झाड़ियों में लगी आग।

### पेपर मिल के पास खाली प्लॉट में लगी आग

**बाजपुर :** बेरिया रोड पर एक पेपर मिल के पास आबादी क्षेत्र में खाली प्लॉट में उगी झाड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगने की दूसरी घटना मरियमपुर में हुई है, यहां रोड किनारे उगी झाड़ियों में आग लग गई, जोकि सड़क किनारे खड़े ट्रक तक पहुंच गई, लेकिन इससे पहले कोई बड़ा नुकसान होता, ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।


ग्राम भीकमपुरी में ग्रामीणों के बीच प्रचार करते इलाबास मंदिर के महंत कृष्णानंद गिरी।

### राजा जगतदेव के नाम से बनेगा प्रवेश द्वार

**बाजपुर :** पीलीभीत उप्र के ग्राम इलाबास देवल में स्थित प्राचीन मंदिर में जनजाति बुक्सा समाज के कुलदेव श्रद्धेय राजा जगतदेव के नाम से प्रवेश द्वार बनाया जाएगा, जिसमें करीब 151 किलो का घंटा भी लगेगा। यह जानकारी बुधवार को बाजपुर के ग्राम भीकमपुरी में पहुंचे मंदिर के महंत कृष्णानंद गिरी ने समाज के लोगों को दी। बताया गया कि इलाबास वाली माता के मंदिर ग्राम इलाबास देवल जिला पीलीभीत में स्थित है। शक्तिपीठ इलाबास प्राचीन मंदिर में श्रद्धेय राजा जगतदेव के नाम से एक प्रवेश द्वार और एक 151 किलो का घंटा पूरे बुक्सा समाज के सहयोग से लगा रहे हैं और सहयोग करने वाले बुक्सा समाज के प्रत्येक गांव का नाम वहां पत्थर पर लिखा जाएगा, जो सदियों तक याद रहेगा। इस कार्य की पहल करने वाले इलाबास मंदिर के महंत कृष्णानंद गिरी, बाबू सिंह तोमर, गोविंद सिंह, सोमल सिंह, मदन सिंह, अमर सिंह, सूरज सिंह, विजय सिंह, करम सिंह, हरि सिंह आदि मौजूद रहे।

### हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का काशीपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

**काशीपुर :** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत का काशीपुर आगमन पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा स्वागत किया। इस दौरान हाई कोर्ट नैनीताल की बेंच शिफ्टिंग के आदेश पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए हाई कोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के प्रयासों की प्रशंसा की। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि डीसीएस रावत जब से हाई कोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष बने हैं। तब से युवा अधिवक्ताओं को न्यायिक प्रक्रिया में शामिल होने में आसानी मिली है। इस बीच डीसीएस रावत ने कहा कि अधिवक्तागण सभी एक परिवार के सदस्य हैं और पूरे प्रदेश के अधिवक्ता एक सूत्र में बंधकर सफल न्यायिक प्रक्रिया को योगदान करते हैं। इस मौके पर भास्कर त्यागी, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह, रईस अहमद, सैयद आसिफ अली, देवांग मिश्रा एडवोकेट, रामकुमार चौहान मौजूद रहे।

# बीकेस ने जीता बैडमिंटन का खिताब

- **स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की बैडमिंटन प्रतियोगिता के डबल्स में बीकेस व योगेश की जोड़ी चैंपियन**

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 27-28 मई को किया गया। इस प्रतियोगिता के सिंगल्स में बीकेस व डबल्स जोड़ी में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी चैंपियन रही।

विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सिंगल्स प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में रजत शर्मा ने अमित जोशी को तथा दूसरे सेमीफाइनल में बीकेस ने हसन बेग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बीकेस ने सीधे सेटों में रजत शर्मा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। जबकि डबल्स के सेमीफाइनल में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी ने डॉ. संजय श्रीवास्तव व अशोक कुमार की जोड़ी को तथा दूसरे सेमीफाइनल में अमित जोशी व रजत शर्मा की जोड़ी ने हसन बेग व विनोद जोशी की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बीकेस व योगेश पंत की जोड़ी ने अमित जोशी व रजत शर्मा की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में अखिल रोहेला व विपिन कुमार रहे।


बैडमिंटन चैंपियन बीकेस व योगेश पंत। ● अमृत विचार

### पति व अन्य ससुरालियों पर घरेलू हिंसा का आरोप

**बाजपुर:** पति व अन्य ससुरालियों पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंची पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी दरख्शा ने पुलिस को बताया कि उसका मायका गदरपुर में है। करीब एक वर्ष पहले उसकी शादी मुड़िया कलां बाजपुर निवासी शहजान पुत्र भूरा खां के साथ हुई थी। आरोप है कि उसका पति व अन्य ससुराल वाले आए दिन बेवजह गाली-गलौज एवं मारपीट करते हैं। 26 मई की देर रात करीब आठ बजे एवं 27 मई की सुबह करीब 7 बजे पति के साथ ही व देवर, ननद, सास एवं गांव बाजपुर निवासी ननदोई ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की जिसमें उसके चोटें भी आईं।

**हालात** वाटर लेवल कम होने के कारण गांव में पानी की किल्लत

# ग्राम नूरपुर में सूखे घरों के नल, लोग परेशान

करन सिंह, काशीपुर

**अमृत विचार :** कुंडेश्वरी क्षेत्र के कई इलाकों में वाटर लेवल गिरने से नलों में पानी आना बंद हो गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोगों को पानी दूसरे स्थानों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। लोगों ने वाटर लेवल कम होने का कारण गांव के पास हो रहे अवैध खनन को बताया है।

कुंडेश्वरी के ग्राम पंचायत जैतपुर घोसीपुरा में बीते लंबे समय से वाटर लेवल कम होने से पानी का संकट चल रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि गांव के पास ही हो रहे खनन के कारण यहां का वाटर लेवल बहुत कम हो चुका है। हालात यह हो चुके हैं कि घर के हैंडपंप तो सूख ही गए, खेत के बोर भी पानी नहीं दे रहे। इससे खेत में फसल भी सूखने के कगार पर है।


सूखा पड़ा हैंडपंप दिखाता युवक।



“नूरपुर गांव में लगभग सभी के घरों के नल सूख चुके हैं। ऐसा नूरपुर में कभी नहीं हुआ जो इस बार हो रहा है। इस साल गर्मी में बरसात भी नहीं हुई है, इससे भी वाटर लेवल पर फर्क पड़ा है।
**- कृष्ण,** नूरपुर निवासी



“लोगों के सबमर्सिबल भी लगातार चलते रहते हैं इससे भी वाटर लेवल पर फर्क पड़ता है। दूसरा फैक्ट्रियों में भी बड़े-बड़े बोर ऐसे ही चलते रहते हैं। जिससे यहां पानी की दिक्कत हुई है।
**-नारायण सिंह चंदेल,** नूरपुर निवासी



“गांव के पास जगह-जगह हो रहे अवैध खनन से वाटर लेवल कम हो गया है। नूरपुर में कभी हैंडपंप में पानी कम नहीं हुआ, पहली बार पानी की दिक्कत आई है।
**-अश्वनी कुमार,** नूरपुर निवासी



“इस बार कई सालों से अधिक गर्मी पड़ रही है। वहीं अवैध खनन और बारिश का न होना वाटर लेवल कम का कारण माना जा सकता है। इससे नूरपुर के हैंडपंप में पानी सूख गया है।
**- कल्याण सिंह,** पूर्व प्रधान, नूरपुर

### पत्नी व भाभी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**बाजपुर :** एक व्यक्ति ने गांव के ही दो युवकों पर पत्नी व भाभी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। बताया कि दोनों महिलाएं अपने साथ आभूषण व 1.35 लाख रुपये की नकदी भी ले गई हैं। पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा के अंतर्गत निवासरत एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 28 मई को वह तथा उसका भाई घर से मजदूरी करने चले गए। आरोप है कि उनके घर से जाने के बाद सुबह करीब 10 बजे परिजनों की अनुपस्थिति में घर पहुंचे दो युवक उसकी पत्नी एवं भाभी एवं गोद में दो बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए। कहा कि उसकी पत्नी चार माह की गर्भवती है। उसकी भाभी घर से अपने साथ सोने-चांदी के पांच आभूषण व 50 हजार रुपये की नकदी एवं पत्नी सोने-चांदी के चार आभूषण एवं 86 हजार रुपये की नकदी निकल ले गई है।

## एक नजर

### प्राची का राजीव नवोदय में हुआ चयन



**टनकपुर :** पाटी ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाझगाउं की छात्रा प्राची देउपा का राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की छठी कक्षा में चयन हुआ है। प्राची के पिता विजय सिंह देउपा किसान हैं। पिता ने बच्ची की सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य किरन तिवारी को देते हुए कहा कि इनके कुशल दिशा निर्देशन में उनकी बेटी इस दुर्गम क्षेत्र में रहकर भी राजीव नवोदय में चयनित हो सकी। उपशिक्षा अधिकारी पाटी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने प्राची को बधाई दी है।

### पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**अल्मोड़ा :** पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। चौखुटिया के थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया कि वारंटी ललित जोशी पुत्र अंबादत्त जोशी को तड़ियाल बाखली, चौखुटिया से गिरफ्तार किया है। इधर द्वाराहाट पुलिस ने भी न्यायालय से फरार चल रहे विवेक कुमार जोशी पुत्र स्व. मोहन चंद्र जोशी निवासी ग्राम भंटी, द्वाराहाट को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# जिला योजना के लिए 71.78 करोड़ का प्रस्ताव

## सीडीओ ने स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाली योजनाएं बनाने के निर्देश , मितव्ययिता पर दिया जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ में वर्ष 2024-25 की जिला योजना के लिए 7178.60 लाख रुपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। जिसके बाद अब मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने जिला योजना की संरचना और तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाली योजनाएं बनाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला योजना के अंतर्गत निर्मित योजनाओं के रखरखाव हेतु धनराशि का प्राविधान करते समय मितव्ययिता को ध्यान में रखने की बात कही। उन्होंने स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ावा देने के लिए उद्यान, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों और आजीविका से संबंधित कार्यों के प्रस्तावों को सम्मिलित करने को कहा। उन्होंने कहा कि रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन करने की जरुरत है। जिससे भूमिहीन, छोटे किसानों, ग्रामीण उद्यमियों आदि को बेहतर लाभ मिल सके। कहा कि विभाग गाइड लाइन के तहत योजनाओं का चयन करें। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय के अंतर्गत जल संस्थान, लघु सिंचाई, वन,पर्यावरण आदि विभागों में मरम्मत की योजनाओं पर धनराशि आवंटित करने से पूर्व निर्माण वर्ष और मरम्मत की पुनरावृत्तियों को आवश्यक रूप से संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने वेलनेस सेंटर का विकास, आयुष विकास, कौशल कार्यक्रम रोजगार परक योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही।

बैठक डीडीओ रमा गोस्वामी, निरंजन प्रसाद, सहायक अर्थ संख्या अधिकारी गणेश चंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हवलदार प्रसाद के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



पिथौरागढ़ में अधिकारियों की बैठक लेती डीएम रीना जोशी। ● अमृत विचार

### मानसून से निपटने के लिए अभी से तैयारी शुरू करें अधिकारी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में प्री मानूसन शुरु होने की संभावनाओं को देखते हुए जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मानसून के दौरान होने वाली आपदाओं से निपटने के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियों को पानी की निकासी के लिए नालियों की सफाई करने, झाड़ी कटान व पेड़ों की लांपिग करने, ट्रॉली एवं झूला पुलों को ठीक करने के निर्देश दिए। कहा कि मानसून के दौरान सभी विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। लोक निर्माण विभाग, बीआरओ, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर भूस्खलन की संभावना है। वहां पहले से व्यवस्थाएं रखें। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश, ओम पर्वत के अलावा जनपद के अन्य धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों का आना जाना लगातार बढ़ रहा है। इसलिए विभाग अपनी सभी मैनपॉवर, जेसीबी, पोकलैंड मशीन, कटर, इत्यादि को आपदा संभावित स्थानों पर तैनात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को कंट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मानसून के दौरान पर्याप्त मात्रा में दवाइयां एवं रोस्टर के तहत कनार में डॉक्टर तैनात करने की निर्देश दिए। जबकि जिला पूर्ति अधिकारी को छह महीने के खाद्यान्य के भंडारण करने को कहा। बैठक में डीएफओ आशुतोष सिंह, एडीएम शिव कुमार, डीडीओ राम गोस्वामी, आपदा अधिकारी भूपेंद्र महर, हवलदार प्रसाद, एमएस रावत, अनिल जोशी, आरपी नैथानी, महेश चंद्र, जीवन चंद्र कोठारी, देवेंद्र कुमार, हेमंत चंदोला आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अल्मोड़ा में एलआरसाह मार्ग की सुधरेगी हालत

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय से कसारदेवी, चितई और जागेश्वर धाम जाने वाले एलआरसाह मार्ग के हालात सुधरने की उम्मीद जगी है। इस मार्ग के सुधारीकरण के लिए शासन ने पांच लाख रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि नगर का एलआर साह मार्ग लंबे समय से खस्ता हालत में है। दो किमी लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। जबकि कई स्थानों पर सुरक्षा दीवारें भी ध्वस्त हो गई हैं। जिस कारण इस मार्ग पर आवाजाही जोखिम भरी साबित हो रही है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों यात्री सफर करते हैं। भारी जनदबाव के बाद अब शासन ने इस मार्ग के सुधारीकरण के कार्य के लिए पांच लाख रुपये अवमुक्त किए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।

### पशुपालक पर लगाया पांच हजार का जुर्माना

**अल्मोड़ा :** नगर पालिका अल्मोड़ा ने एक पशुपालक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पालिका के निरीक्षक लक्ष्मण भंडारी ने बताया कि नगर के लोग अपने मवेशियों को बाजारों में लावारिस छोड़ दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जब बाजार में घूम रहे एक मवेशी के स्वामी के बारे में जानकारी जुटाई गई। जानकारी मिलने के बाद मवेशी के संबंधित व्यक्ति के होने की पुष्टि होने पर उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जबकि बाजार में घूम रहे अन्य तीन मवेशियों को पकड़ कर ज्योली गो सदन भेजा गया है।

### तीन वाहन सीज कर तीन हजार रुपये अर्थदंड वसूला

**बनबसा :** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान तीन वाहनों को सीज कर तीन हजार रुपये का अर्थदंड वसूला। भारत- नेपाल सीमा पर स्थित शारदा बैराज चौकी पर पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान 12 वाहनों का एमबी एक्ट के अंतर्गत चालान किया। चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर एक बोलेरो, एक मैक्स और एक बाइक को सीज किया। वहीं एमबी एक्ट में 12 वाहनों का चालान कर तीन हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूला गया।

### पेटशाल के पास ट्रक नदी में गिरा, चालक घायल

**अल्मोड़ा :** मंगलवार की देर रात अल्मोड़ा पिथौरागढ़ मोटर मार्ग पर पेटशाल के दलबैंड के पास एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक के अंदर फंसे चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। धौलछीना के थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि ट्रक सड़क से करीब 50 मीटर नीचे गिरकर नदी में पलट गया था। ट्रक के अंदर चालक भूपेंद्र उर्फ भूपाल सिंह मेहरा, निवासी उडियारी बैंड, बेरीनाग, पिथौरागढ़ बेहोशी की अवस्था में पड़ा था। उसे पुलिस टीम ने बाहर निकाला और स्ट्रेचर से सड़क तक लेकर आए। वहां से गंभीर रूप से घायल चालक को इमरजेंसी सेवा 108 एंबुलेंस से बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजा गया। थानाध्यक्ष सुशील साह ने बताया कि ट्रक चालक हल्द्वानी से सीमेंट लेकर बेरीनाग की ओर जा रहा था। चिकित्सकों के अनुसार चालक की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस टीम में उपर उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद, गोकुल प्रसाद, धनी राम, अमित कुमार मौजूद रहे।

### रानीखेत में छात्र-छात्राओं को योग के प्रति किया जागरूक

**रानीखेत :** आओ हम सब योग करें अभियान के तहत सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा द्वारा डॉ. नवीन भट्ट के संरक्षण में नियमित रूप से नि :शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग प्रशिक्षक पायल बिष्ट एमए योगिक साइंस ने शिविर के 7वें दिन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में विभिन्न आसन तथा प्राणायाम कराए। प्राचार्य ने वर्तमान समय में योग की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए छात्र-छात्राओं को योग की प्रति जागरूक किया।

## सार-संक्षेप

### गुस्साए लोगों ने बाराकोट अस्पताल में ठोका ताला

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत के लोहाघाट के बाराकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। डीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचे सीएमओ के आश्वासन के बाद गेट खोला गया। इस दौरान डेढ़ घंटे तक अस्पताल की सभी सेवाएं ठप रहीं। बुधवार सुबह जीजीआईसी काकड़ की एक छात्रा को कुत्ते ने काट लिया। जिसके बाद छात्रा को बाराकोट अस्पताल लाया गया। लोगों का कहना है कि सुबह आठ बजे अस्पताल में न तो कोई चिकित्सक था और न ही कर्मचारी थे। मजबूरी में छात्रा को उप जिला अस्पताल लोहाघाट ले जाया गया। बाराकोट के ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदाबल्लभ बगौली ने मामले की शिकायत सीएमओ केके अग्रवाल से की। सीएमओ के सकारात्मक जवाब न देने से लोग भड़क गए और अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला ठोक दिया। हंगामा बढ़ता देख बाराकोट की ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल ने डीएम नवनीत पांडेय से वार्ता की। जिसके बाद डीएम ने सीएमओ को बाराकोट अस्पताल भेजा। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने लोगों को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं होगी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का भी भरोसा दिया। जिस पर डेढ़ घंटे बाद लोगों ने ताला खोल दिया। अस्पताल में ताले लटके रहने से मरीजों को भी दिक्कतों का सामान करना पड़ा। सीएमओ ने अस्पताल के चिकित्सकों और कार्मिकों को रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मदन मोहन जोशी, हरीश वर्मा, राकेश बोहरा, रिंकू अधिकारी, संजय वर्मा, नारायण फर्त्याल सहित कई लोग मौजूद रहे।



अस्पताल के गेट पर जड़ा ताला।

### एसएसजे परिसर मार्ग के सुधारीकरण की उठाई मांग

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर के छात्र-छात्राओं ने विवि प्रशासन से परिसर को जाने वाले मार्ग के सुधारीकरण की मांग की है। छात्रों ने इस संबंध में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शेखर जोशी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। छात्रों ने कहा है कि परिसर को जाने वाला मार्ग खस्ता हालत में है। मार्ग में गड्ढे हो गए हैं व सुरक्षा दीवारें टूट गई हैं। कहा कि इस मार्ग पर सैकड़ों वाहन चलते हैं। मार्ग की शीघ्र मरम्मत न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में में छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, भुप्पी कोरंगा, शिवा लटवाल, वीरेंद्र जोशी, रीतम, संतोष धामी, राजकमल रहे।

### किसानों को दी सफल उद्यम संचालन के बारे में जानकारी

**अल्मोड़ा :** रूलर बिजनेस इन्क्यूबेटर हवालबाग ने ताड़ीखेत में गठित बिनसर महादेव फैड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और हवालबाग ब्लॉक में गठित फैड फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी के निदेशक मंडल और काश्तकारों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। बिजनेस इन्क्यूबेटर के मैनेजर योगेश भट्ट ने बताया कि इस दौरान काश्तकारों को उद्यमिता विकास की जानकारी दी गई। विकास स्वायत्त सहकारिता हवालबाग की प्रशिक्षिका मंजू नेगी ने बताया कि उनकी सहकारिता के माध्यम से काश्तकारों से फल खरीद अचार, जैम, जूस बनाया जाता है।

### निजी स्कूल के प्रबंधक से 49 लाख रुपये की ठगी

**अल्मोड़ा :** शेयर मार्केट से मोटी रकम कमाने का लालच एक निजी स्कूल प्रबंधक को भारी पड़ गया। जालसाज ने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे 49 लाख रुपये ठग लिए। जब निवेश की गई रकम व मुनाफे में से कुछ नहीं मिला तो पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। जिसके बाद अब उसने कोतवाली में तहरीर दी है। नगर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल के प्रबंधक ने कोतवाली में दी शिकायत में कहा है कि बीते 2 अप्रैल को शेयर बाजार में पैसे लगाने का एक मैसेज उनके मोबाइल पर आया। उनसे पैसे लगाकर मुनाफा प्राप्त करने की बात कही गयी। ठग ने उनसे अलग-अलग दिन कुल 49 लाख 61 हजार 606 रुपये अलग अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवाए। उन्होंने निवेश किए अपने पैसे वापस मांगने के लिए जब ठग के मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया तो सभी नंबर बंद पाएं गए। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अफसरों की लापरवाही से पेयजल योजनाएं नाकाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाएं लगातार दम तोड़ रही हैं। जिस कारण पेजल संकट बढ़ता जा रहा है। लेकिन विभाग पेयजल संकट को दूर करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। लोगों ने विभाग के अधिकारियों को शीघ्र पेयजल व्यवस्था दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिले के भिकियासैंण विकास खंड में करीब छह दर्जन से अधिक गांवों को पेयजल मुहैया कराने वाली नौला कमराड़ पेयजल पंपिंग योजना पिछले एक महीने से ठप है। जिस कारण इस योजना से प्रभावित होने वाले साठ से अधिक गांवों में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। पेयजल समस्या को लेकर बीते 17 मई को क्षेत्र के ग्रामीण एसडीएम भिकियासैंण को ज्ञापन देकर अपनी शिकायत भी दर्ज करा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी यहां आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है।



**दिक्कत**

- कमराड़, कूनीगाड़ और अगनेरी योजनाएं महीनों से ठप
- भीषण गर्मी में पानी न मिलने से लोग हो रहे परेशान

उक्रांद के वरिष्ठ नेता तुला सिंह ने कहा है कि अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी अब तक दिक्कतों को दूर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि है कि अगर चार जून तक पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन शुरू कर देंगी।

ऐसा ही हाल विकास खंड चौखुटिया का भी है। यहां भी दर्जनों गांवों को पेयजल मुहैया कराने वाली कूनीगाड़ और अगनेरी पेयजल योजना लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। इन योजनाओं से प्रभावित होने वाले गांवों में कई दिनों से पानी की एक बूंद नहीं टपकी है। जिस कारण ग्रामीण दूरदराज स्थित नदी धारों से जैसे तैसे पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। यहां के ग्रामीणों ने भी शीघ्र पेयजल व्यवस्था में सुधार न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## चौड़ी पेयजल योजना दुरुस्त करने की मांग

**टनकपुरः** बुधवार को लोहाघाट नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में लोगों ने चौड़ी लिफ्ट पेयजल योजना का निरीक्षण किया। लोगों ने बताया कि जल संस्थान पानी को बगैर फिल्टर के लोगों को सप्लाई कर रहा है। लिफ्ट योजना के टैंक में गंदगी पटी है। कहा कि शीघ्र जल संस्थान ने व्यवस्थाओं में सुधार न किया तो लोग आचार संहिता के बाद सात जून से धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। टीम में सभासद भुवन बहादुर, दीपक साह, राज किशोर साह, नवीन नाथ गोस्वामी, दीपा गोस्वामी, मीना ढेक, बीना कनौजिया, धौनी शिलिंग के क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक नाथ गोस्वामी शामिल रहे।

## ठगे गए लोगों के खातों में वापस कराई गई धनराशि

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** चम्पावत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से साइबर ठग द्वारा आठ लोगों के खातों से एक लाख तिरासी हजार दौ सौ रुपये की ठगी की गई। इसकी सूचना आवेदकों ने साइबर सेल को दी। इस पर साइबर सैल ने आवेदकों से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा बैक नोडल से सम्पर्क कर आवेदकों के खाते से निकाली गयी धनराशि एक लाख तिरासी हजार दौ सौ रुपये को विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खातों में वापस करा दिया।

इधर एसपी अजय गणपति ने लोगों से कहा है कि साइबर क्राइम से बचने के लिएकिसी भी पोस्ट पर एकदम विश्वास न करें।

साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल के टोल फ्री नम्बर-1930, साइबर सेल चम्पावत 8476055260 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी साइबर सेल टनकपुर पिंकी धामी, हेड कांस्टेबल बिहारी लाल, रीनू खत्री, आशा शामिल रहे।

## खड़े वाहनों पर नोटिस चस्पा करने से व्यवसायी नाराज

**रानीखेत, अमृत विचार :** नरसिंह मैदान से हाइडिल को जाने वाली सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों को हटाने के लिए छावनी परिषद द्वारा वाहनों पर नोटिस चस्पा करने से व्यवसायियों में नाराजगी है। उनकी कहना है मुख्य बाजार में वाहनों का अतिरिक्त दबाव होने के कारण जाम से बचने के लिए ग्राहक ऊपरी सड़क पर वाहन खड़ा कर सरस्वती स्कूल और बहुद्देशीय भवन वाले पद मार्गो से बाजार आते हैं। ऐसे में छावनी परिषद द्वारा ऊपरी सड़क पर खडे. वाहनों पर नोटिस चस्पा करना न्याय संगत नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि इससे पहले से ही मंदी की मार झेल रहे रानीखेत बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका कहना है कि पहले छावनी परिषद पार्किंग की व्यवस्था करे। तब तक ऊपरी सड़क पर वाहन खड़े करने की अनुमति दी जाए। नोटिस में वाहनों को हटाने को कहा गया है ऐसा न करने पर छावनी परिषद द्वारा कार्रवाई करने की बात कही गई है। छावनी कार्यालय के अनुसार यह सड़क सेना के अंतर्गत आती है। पूर्व में आर्मी और छावनी परिषद की बैठक में यह मुद्दा उठा था। उसी के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।


## वर्ग पहेली-85

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली -84 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 आ | | 2 कू | | | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | | | ह |
| | ड़ | | मं | | 5 चु | र |
| | न | | डू | | | बा |
| | | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | | | ता | | ति | |
| 9 आ | रा | म | | 10 म | का | म |

### सुडोकू -164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | 3 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -163 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11.43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.31 तक तत्पश्चात शतभिषा।



मेष

आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।



वृष

आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।



मिथुन

आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।



कर्क

आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।



सिंह

आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।




कन्या

आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।



तुला

आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।



वृश्चिक

आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।



धनु

आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।



मकर

आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।



कुंभ

आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।



मीन

आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
रेस 3
सुबह : 11.50
खलनायक
रात : 09.54

&pictures
दंबग 2
सुबह : 11.02
नोटबुक
रात : 08.00

SONY PIX
द मास्क
दोपहर : 12.42
जस्टिस लीग
शाम : 06.54

ZEE CINEMA
घायल
सुबह : 07.20
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
फिर हेरा फेरी
सुबह : 08.06
दिवाने हुए पागल
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे,क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है, उस पर तो भरोसा न ही करें, लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें, क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

## संपादकीय

# घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

# ये कहां आ गए हम


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो



हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार था:- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा था:- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।


## प्रसंगवश

# चुनावी अतिश्योक्तियां


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया? दस साल तो काफी होते हैं? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं?

# जहर होता जीवनदायी जल


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।


हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

## सोशल फोरम

# मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# जोश परिस्थितिजन्य होता है


प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

# बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि




सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे औऱ ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी औऱ कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, औऱ सदाऊ को अध्ययन औऱ बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे औऱ संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश औऱ उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।

# पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाज़ुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।



# बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।



- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

## मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।


### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 | |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 | |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 | |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 | 56.37 |
| आप | अरविंद केजरीवाल | 2,09,238 | 20.30 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 | 7.34 |
| बसपा | विजय जयसवाल | 60,579 | 5.88 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 | 4.39 |

### वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर





### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन


- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।

### बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

### मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में


अजय राय।


अतहर जमाल लारी।


के. शिव कुमार।

### इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

### नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

## दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

### दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

## बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।




जनता ही राजा


हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

### दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा

# चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

कांटे का मुकाबला

चुनाव डेस्क


संजय टंडन।


मनीष तिवारी।

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

### 2019 चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट % |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 50.64 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 40.35 |
| आप | हरमोहन धवन | 3.82 |
| बसपा | परवीन कुमार | 1.62 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट% |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 42.20 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 26.84 |
| आप | गुलकीरत कौर पनाग | 23.97 |
| बसपा | जन्नत जहां-उल-हक | 3.51 |

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2080, राज श्री 1410, फ्रॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2050, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरि पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी** - डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

## स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

### एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक रही जीडीपी की वृद्धि दर

एसएंडपी ने कहा-सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे। एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही इसकी सॉवरेन रेटिंग की पृष्ठभूमि का सबसे कमजोर हिस्सा रही है। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है। वहीं फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग पर अब भी स्थिर परिदृश्य कायम रखा है।

# बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183.45 अंक गिरा



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

### निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 97,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500-55,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,325 |
| चांदी आभूषण | 92,300। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 72 मसूरी 50 अंगूरी 70 बासमती 95, **दाल दलहन**-काला चना 115-125 साबुत चना दाल 87 मूंग साबुत 93 राजमा 155 दाल उड़द 126 साबुत मसूर दाल 65 मसूर दाल 75 उड़द साबुत 110 काबुली चना 65 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 85 सोयाबीन 40 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 20-23 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से105 चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 रुपये।

# एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

**नई दिल्ली एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

## स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

# डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।



## एक नजर

### आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

### फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

### अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

# पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

## रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

**काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

### भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।



### भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**कोच्चि।** भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

### गर्मी में टंडक का अहसास...


गुरुग्राम में भीषण गर्मी के दिनों में बच्चे जलाशय में अठखेलियां करते हुए। • एजेंसी

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा मामला




दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो।

वहीं सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इमाम 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा की कथित बड़ी साजिश का मामला भी शामिल है। वह साजिश के एक मामले में भी न्यायिक हिरासत में है।

# पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

**मुंबई, एजेंसी**

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

## बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

# दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

## गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए उचित मुआवजे और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था।

## खेल डायरी

### आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

**नई दिल्ली।** श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमैन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

### नॉर्वे शतरंज: प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

### अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिए दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

### एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गई कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

# कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

## 2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी



**बेंगलुरु, एजेंसी**

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

**2026** में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

**2007** बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

### खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।



कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।

# ठंड से सामंजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियों को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।



नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

**मुंबई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

# अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

**बैंकॉक, एजेंसी**

**ओलंपिक क्वालीफायर**



गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

### पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

# नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**पैरा निशानेबाज**

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

### फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच



**2** घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

**पेरिस।** सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।

### लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक


**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।



### भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

**मुंबई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।



पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

# पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

**सिंगापुर, एजेंसी**



पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# पंजाब में अवैध खनन स्थलों पर ईडी का छापा, 3.5 करोड़ जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी


मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े भोला ड्रग्स मामले से ईडी की ओर से जब्त किए गए तीन करोड़ रुपये।

- रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर की गई छापेमारी की कार्रवाई
- ईडी ने कुर्क की जमीन पर अवैध खनन किए जाने के बाद उठाया कदम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान साढ़े तीन करोड़ की नकदी जब्त की है।

सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर 'अवैध' खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में 'नसीबचंद व श्री राम क्रशर' और अन्य शामिल हैं। पंजाब में मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन का यह मामला करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा है, जिसका पुलिस ने 2013-14 के दौरान पर्दाफाश किया था। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले को आमतौर पर 'भोला' मादक पदार्थ मामले के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस मामले में कथित मुख्य आरोपी, पहलवान से पुलिसकर्मी और फिर मादक पदार्थ माफिया बने जगदीश सिंह उर्फ भोला की संलिप्तता सामने आई थी। ईडी ने भोला को जनवरी 2014 में गिरफ्तार किया था।

## आप विधायक को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्टने पंजाब से आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। माजरा को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और माजरा द्वारा मौजूदा लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध संबंधी याचिका पर जवाब मांगा। विधायक की ओर से पेश वकील ने चुनाव प्रचार के लिए चार जून तक अंतरिम जमानत दिये जाने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने कहा कि वह सभी पक्षों की बात सुने बिना अमरगढ़ से विधायक को राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है। पंजाब में एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इससे पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है।

सीबीआई ने पिछले साल मई में 40 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी में गज्जन माजरा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी ने सितंबर, 2022 में बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

## डोंबिवली रसायन फैक्टरी विस्फोट मामले में एक और गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में पिछले सप्ताह रसायन फैक्टरी में विस्फोट मामले में कंपनी के एक और निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फैक्टरी के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने अमुदन केमिकल्स के निदेशक मलय मेहता (38) को गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को कंपनी की एक और निदेशक और मलय मेहता की पत्नी स्नेहा मेहता को तलब किया और पूछताछ के बाद मामले में प्रथम दृष्टया उनकी संलिप्तता साबित होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक स्नेहा को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के संबंध में पिछले सप्ताह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें उनका नाम नहीं था।

# किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

**पुणे कार दुर्घटना**

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ट्रिब्यून अखबार के हवाले से कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के रहने वाले फिरोज अहमद लोन (29) और नूर मोहम्मद वानी (24) नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के हिस्से गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था। खबर में कहा गया है, कि दोनों भारतीय नागरिकों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित किया गया था। भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

### नक्सलियों ने कंटेनर के साथ व्यक्ति को जिंदा जलाया

**रांची।** राजधानी रांची से 60 किमी दूर स्थित मैकलुस्कीगंज–चामा रोड में नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। आगजनी की घटना में नक्सलियों ने कंटेनर के साथ–साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया है। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना के बाद से ग्रामीण एसपी, खलारी थानेदार विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थानेदार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे है। नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज–चामा रोड में कंटेनर को निशाना बनाते हुए पहले रुकवाया लेकिन, चालक मौके से भाग गया। इसके कुछ देर बाद नक्सलियों ने गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में गाड़ी में बैठा व्यक्ति को जिंदा जला दिया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि जांच जारी है।

### चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है। अदालत ने कहा कि बाई ने भारी रकम के बदले में अधिग्रहण और परियोजनाओं के वित्त पोषण में दूसरों की मदद करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

### छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

### न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ–35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ–35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों और अल्बुकर्क फायर रेस्क्यू ने कहा कि पायलट को चोटें आईं और उसे न्यू मैक्सिको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि विमान लॉकहीड मार्टिन कारखाने से स्थानांतरित किया जा रहा था ताकि दुर्घटना के समय उसका उपयोग किया जा सके।

# इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

**कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह**

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए।

किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। हमने कई बार कहा है कि इजराइल को लोगों की जान बचाने के लिए एहतियात बरतना चाहिए।

### इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल–मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल–मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया। आईडीएफ ने कहा कि हथियारों का छिपा हुआ भंडार घातक विस्फोटों का कारण है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया था कि इजरायली तोपखाने ने अल–मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के लिए तंबुओं पर बमबारी की, जो मानवीय क्षेत्र है जहां विस्थापित गाजावासी आईडीएफ के आदेश के आधार पर शरण लेते हैं।

**इजराइल ने किया फिर हमला :** इजराइल ने बुधवार को राफा में फिर से हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर बढ़ती चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखाया है, जिससे युद्धविराम के लिए हो रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में रुकावट आ रही है। राफा में मीडिया की ओर से आज तड़के नए हमलों की सूचना दी गई।

### आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है, सभी की निगाहें राफा पर हैं।

### एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

## रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

**राजकोट के गेम जोन में आग**

# एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

अहमदाबाद, एजेंसी

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति, 7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

वाशिंगटन, एजेंसी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

**इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत**


चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। • एजेंसी

## मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

## बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

**खगोलीय घटना** — मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

# लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह

संवाददाता, नैनीताल

- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।


शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

### 3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

**नैनीताल :** शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

## पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।